श्रावण शुक्ल पक्ष-13, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 57 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
17 अगस्त 2024 शनिवार

आज का मौसम
31 अधिकतम
24 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

# विनेश का विजेता जैसा स्वागत, फिर लौटेंगी अखाड़े में...

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

भारतीय रेसलर विनेश फोगाट आज पेरिस से दिल्ली लौट आई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर विनेश को रेसलर्स साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने रिसीव किया। कांग्रेस सांसद दीपेश हुड्डा भी मौजूद थे। विनेश अब दिल्ली से अपने गांव बलाली पहुंच रही हैं। विनेश की स्वदेश वापसी को लेकर दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से लेकर उनके गांव बलाली तक स्वागत की तैयारी है। गांववाले विनेश के स्वागत के लिए काफी उत्साहित हैं। विनेश ने ओलंपिक में 100 ग्राम अधिक वजन पर डिस्क्वालिफाई होने के बाद कुश्ती से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था। हालांकि उन्होंने अब रिटायरमेंट से वापसी के संकेत दिए हैं। विनेश ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'हो सकता है कि अलग-अलग परिस्थितियों में, मैं खुद को 2032 तक खेलते हुए देख सकूं, क्योंकि मेरे अंदर संघर्ष और कुश्ती हमेशा रहेगी। मैं भविष्यवाणी नहीं कर सकती कि भविष्य में मेरे लिए रखा है लेकिन मुझे इस यात्रा का इंतजार है। मुझे यकीन है कि मैं जिस चीज में विश्वास करती हूं और सही चीज के लिए हमेशा लड़ती रहूंगी।'





### गले लगकर रोईं

एयरपोर्ट से बाहर आने पर विनेश की नजर अपनी साथी रेसलर साक्षी मलिक पर पड़ी तो वे उनके गले लगकर रोने लगीं। उनके स्वागत में पहुंचे लोग ढोल नगाड़ों पर नाचते रहे। उनके गांव के खेल स्टेडियम में भव्य कार्यक्रम रखा गया है। हालांकि, एक दिन पहले ही आचार संहिता लग जाने के कारण राज्य सरकार इन कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो रही है। सीएम नायब सैनी ने कुछ दिन पहले विनेश को 4 करोड़ रुपए और सरकारी नौकरी देने का ऐलान किया था।

### मप्र में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल पर सख्त, काम पर लौटने की हिदायत

# हाइकोर्ट ने कहा-यह तरीका ठीक नहीं, क्या दवा दो दिन बाद देंगे




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने जूनियर डॉक्टर्स की हड़ताल को लेकर आज तल्ख टिप्पणी की है। एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच ने कहा कि हड़ताल का यह तरीका कतई ठीक नहीं है। अगर किसी की जान निकल रही होगी, तो कहिएगा दो दिन बाद दवाई देंगे। हाईकोर्ट ने डॉक्टरों की काम पर लौटने की सलाह दी है। बेंच ने कहा कि कोलकाता की घटना और डॉक्टर्स की सुरक्षा पूरे देश का मुद्दा है। कोर्ट ने जूडा को हड़ताली संगठनों से बात करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही याचिकाकर्ता आईएमए को भी पक्षकार बनाएगा। कोर्ट ने कहा डॉक्टरों की शिकायत पर 20 अगस्त को सुनवाई होगी। उधर मप्र में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल चल रही है। भोपाल में हमीदिया और एम्स के बाद अब निजी अस्पतालों ने भी आज ओपीडी बंद रखी है। प्राइवेट अस्पताल में सिर्फ इमरजेंसी सुविधा चालू है। हालांकि भोपाल गांधी मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ कविता सिंह का कहना है कि हमने वैकल्पिक व्यवस्था बन रखी है। सारे सीनियर डॉक्टर्स की छुट्टियां कैंसिल कर दी हैं। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन भी इमरजेंसी सर्विसेज दे रहा है।

## रेडियोएक्टिव पदार्थ लीक होने से हड़कंप, खाली कराया एयरपोर्ट

इधर आज लखनऊ एयरपोर्ट पर रेडियोएक्टिव मटेरियल लीक होने से हड़कंप मचा हुआ है। कार्गो के दो कर्मचारी बेहोश हो गए हैं। खतरे को भांपते हुए एयरपोर्ट के आसपास के डेढ़ किमी एरिया खाली करवाया जा रहा है। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया कि कैंसर की दवा से रेडियोएक्टिव पदार्थ लीक हुआ है। यह घटना एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 की है। लखनऊ से गुवाहाटी जा रहे विमान में एक बॉक्स के जरिए कैंसर की दवा भेजी जा रही थी। लगेज स्कैनर से जांच के दौरान बीप की आवाज सुनाई दी। इसके बाद कैंसर की दवा का बॉक्स खोल दिया गया। इससे रेडियोएक्टिव पदार्थ लीक हो गया। लीकेज की जानकारी जैसे ही एयरपोर्ट तक पहुंची, यात्रियों में भगदड़ मच गई। आनन-फानन मे टर्मिनल खाली कराकर सीआईएसएफ और एनडीआरएफ के हवाले कर दिया गया। एयरपोर्ट से ही सटा कानपुर रोड़ है, जहां ट्रैफिक रोक दिया गया है।



**कितना खतरनाक होते हैं रेडियोएक्टिव पदार्थ:** रेडियोएक्टिव या रेडियोधर्मी पदार्थ वो होते हैं, जिनमें से अल्फा, बीटा, गामा किरणें उत्सर्जित करते हैं। अधिकांश रेडियोधर्मी पदार्थ विषैले होते हैं। उनमें उच्च ऊर्जा क्षमता होती है। रेडियोधर्मी सामग्रियों का उपयोग मेडिकल और एनर्जी के क्षेत्र में होता है। बीते दिनों बिहार के गोपालगंज में भी रेडियोएक्टिव पदार्थ मिला था। तब हड़कंपु मच गया था। पुलिस ने जांच के दौरान यूपी-बिहार के बलथरी चेकपोस्ट से यह रेडियोएक्टिव पदार्थ बरामद किया था , जिसकी अंर्तराष्ट्रीय बाजार में कीमत 850 करोड़ रुपये थी।

**बड़ा हादसा**

# पटरी पर रखी भारी वस्तु से टकराया इंजन, साबरमती के 22 डिब्बे पटरी से उतरे





**कानपुर, एजेंसी।**

आज तड़के कानपुर में साबरमती एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। 22 डिब्बे डिरेल हुए हैं। यह ट्रेन वाराणसी से अहमदाबाद जा रही थी। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। कुछ यात्री घायल जरूर हो गये। हादसा देर करीब तीन बजे कानपुर शहर से 11 किमी दूर भीमसेन और गोविंदपुरी स्टेशन के बीच हुआ। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- ट्रेन का इंजन पटरी पर रखी किसी भारी चीज से टकराया। इंजन पर टकराने के निशान हैं। सबूत सुरक्षित रखे गए हैं।

आईबी और उप्र पुलिस जांच कर रही है। नॉर्दन सेंट्रल रेलवे के जीएम उपेंद्र चंद्र जोशी ने कहा- यह तय है कि हादसा इंजन के किसी चीज से टकराने से हुआ है। मौके पर कोई चीज नहीं मिली है। हादसे के वक्त ट्रेन की स्पीड 70 से 80 के बीच थी। एक पहिया उतरते ही प्रेशर कम हुआ। ड्राइवर ने वक्त रहते इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए, जिस वजह से बड़ा हादसा होने से बच गया। डीजपी प्रशांत कुमार ने कहा- दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। पटरी के टुकड़े को भी देखा। आशंका जताई जा रही है कि इसी टुकड़े को पटरी पर रखा गया था, जिस वजह से ट्रेन डिरेल हुई। हादसे से पटरियां उखड़ गईं। लोहे की क्लिप उखड़कर दूर जा गिरी। रेल अफसरों ने बताया- हादसे से 1 घंटे 20 मिनट पहले पटना-इंदौर एक्सप्रेस ट्रैक से गुजरी थी, तब तक ट्रैक सुरक्षित था। हादसे के बाद 16 ट्रेनों को रद्द किया गया।

## मोहन यादव का दिन रिजर्व, कमलनाथ भी भोपाल में

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुखयमंत्री मोहन यादव ने आज का दिन 'रिजर्व' रखा है। वे भोपाल में अपने निवास





कार्यालय पर शासकीय कार्य निपटा रहे हैं। इस दौरान कई अफसर भी यहां पहुंच रहे हैं। वहीं वे आज कुछ जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा करेंगे। वहीं कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ तीन दिन के भोपाल प्रवास पर हैं। वे लंबे समय से दिल्ली व देश के बाहर भी रहे हैं। बताया जाता है कि भोपाल में वे कई कांग्रेस नेताओं से मिले हैं। कल छिंदवाड़ा पहुंचकर वे जिला अध्यक्ष व अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे।

## सीएम पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दी राज्यपाल ने

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

कर्नाटक के चर्चित मुडा मामले में कर्नाटक



के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बुरी तरह फंस गए हैं। भाजपा ने उनके खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है और अब राज्यपाल ने भी सीएम के खिलाफ मुडा मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण के कथित भूमि घोटाले में मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए कैबिनेट की राय मांगी थी। मगर कैबिनेट ने राज्यपाल को कारण बताओ नोटिस वापस लेने की सलाह दी थी तथा इसे बहुमत से चुनी गई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करार दिया था। बाद में राज्यपाल ने कानूनी विशेषज्ञों से राय ली तथा मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है।

## भारत ने सीरिया को भेजी 1400 किलो कैंसर की दवा

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

भारत ने सीरिया को मानवीय सहायता के तौर पर दवाओं की खेप भेजी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सीरिया के प्रति देश की प्रतिबद्धताओं को ध्यान में रखा गया है, जिसके तहत करीब 1400 किलोग्राम कैंसर रोधी दवा भेजी गई है। यह खेप सीरियाई सरकार और उसके लोगों को बीमारी से लडने् में मदद करेगी। कहा गया है कि सीरिया में भारतीय दूतावास पूरे सीरियाई संघर्ष के दौरान खुला रहा। कई लोग



पर्यटक, व्यवसायी और मरीज के तौर पर भारत आते हैं। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में आईटीईसी प्रमुख कार्यक्रम के तहत छात्रवृत्ति योजनाओं और प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के माध्यम से सीरियाई युवाओं की क्षमता निर्माण में बहुत योगदान दिया है।

## अब देश के ज्यादातर हिस्सों में चार दिन बारिश

### वैष्णो देवी मार्ग का हिस्सा भूस्खलन से ढहा

**नई दिल्ली/ भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में बादलों की सुस्ती भले ही जारी है लेकिन देश के कई हिस्से जबर्दस्त बारि के चलते बदहाल हैं। भारी बारिश के बीच पंजाब के पठानकोट और शिमला के रामपुर में बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। जम्मू-कश्मीर के कटड़ा में मां वैष्णो देवी मार्ग का एक हिस्सा भूस्खलन के चलते ढह गया। वहीं, पहाड़ से मलबा गिरने के कारण बदरीनाथ हाईवे भी बंद रहा। अभी कम से कम चार दिन देश के अधिकांश हिस्सों में मध्य से लेकर भारी बारिश होगी और पहाड़ी राज्यों में भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं हो सकती हैं।

**मध्य भारत में अगले हफ्ते तेज वर्षा:** मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे पश्चिम बंगाल पर कम दबाव का क्षेत्र बना है इसके प्रभाव से अगले सप्ताह के दौरान पूर्वी और मध्य भारत में तेज बारिश होने का अनुमान है। इसके अलावा, अगले 2-3 दिनों के दौरान केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।



### 27 घंटे स्कूल में फंसे रहे 42 छात्र

राजस्थान के जयपुर जिले के एक गांव में पुल पर पानी भर जाने से 42 छात्र और आठ शिक्षक व कर्मचारी 27 घंटे स्कूल में फंसे रहे। ग्रामीणों ने बताया कि मासी नदी में अचानक आई बाढ़ में स्कूल को जोडने् वाला पुल पानी में डूब गया था। ग्रामीणों ने बताया कि एसडीएम से बात करने पर भी कोई सरकारी मदद नहीं मिली।

**मेट्रो एंकर**

### कोलकाता गैंगरेप कांड के जवाब तलाश रही सीबीआई

### प्रिसिंपल से तड़के तीन बजे तक 24 घंटे लगातार पूछताछ

# उस रात डिनर के दौरान ट्रेनी डॉक्टर के साथ क्या हुआ..कहां थे प्रिंसिपल

**कोलकाता, एजेंसी।**

पिछले दिनों कोलकाता के एक सरकारी मेडिकल कालेज-अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ गैंगेरेप और हत्या की घटना को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है। इन सबके बीच सीबीआई की जांच पर सभी की निगाहें हैं। जांच एजेंसी सूत्रों का कहना है कि अब तक पीड़िता के तीन साथी डॉक्टरों से पूछताछ की है। इन डॉक्टरों से इस आधार पर पूछताछ की गई कि जिस रात अपराध हुआ, उस रात के बारे में उन्हें क्या पता है। खबरों के मुताबिक एक इंटर्न पर भी शक की सुई ठहर रही है। वहीं साथी डॉक्टरों ने यह भी पूछा गया कि जब उन्होंने पीड़िता डॉक्टर के साथ डिनर किया, तो क्या हुआ? सीबीआई ने यह भी पूछा कि उस रात पीड़िता को आखिरी बार किसने देखा था? अस्पताल के सिक्योरिटी सुपरवाइजर समेत 10 लोगों को तलब किया गया है, जो अपराध के दिन ड्यूटी पर थे। सीबीआई ने ड्यूटी रोस्टर के साथ सुपरवाइजर को भी तलब किया है ताकि पता लगाया जा सके कि किस मंजिल पर कौन ड्यूटी पर था। सीबीआई ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से काफी देर तक पूछताछ की है। डॉ. घोष शुक्रवार दोपहर 3 बजे सीबीआई कार्यालय पहुंचे और आज तड़के 3 बजे के बाद वहां से निकले। वे आज फिर तलब किये गये हैं। जांच एजेंसी ने यह जानने की कोशिश की कि उस रात संदीप घोष कहां थे?




### सेमिनार हॉल में मिली थी लाश

दरअसल, 8-9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर अस्पताल के सेमिनार हॉल में एक महिला डॉक्टर के साथ हैवानियत हुई थी। सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात 31 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट रेजिडेंट डॉक्टरका 8-9 अगस्त की रात कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया। वह बेहोशी की हालत में सेमिनार हॉल में मिली था, उसे तुरंत डॉक्टर के पास ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके शरीर पर कई चोटों के निशान थे।




हाईकोर्ट में दो जनहित याचिकाएं दाखिल की गई, इसमें हड़ताल को गलत बताया

# राजधानी में आज इलाज मुश्किल

## सरकारी मेडिकल कॉलेज के अस्पतालों में हड़ताल पर जूडा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलकाताा में मेडिकल कॉलेज की घटना के बाद जूनियर डाक्टरों का गुस्सो भडका हुआ है। राजधानी समेत मप्र में सरकारी मेडिकल कालेजों में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल जारी है। आज भोपाल में




हमीदिया और एम्स के बाद अब निजी अस्पतालों ने भी ओपीडी बंद रखी है। प्राइवेट अस्पताल अक्षय हार्ट, नेशनल अस्पताल, सिद्धांता सहित भोपाल के कई अस्पतालों में सिर्फ इमरजेंसी सुविधा चालू है। इस हड़ताल को लेकर जबलपुर हाईकोर्ट में दो जनहित याचिकाएं दाखिल की गई हैं। इसमें हड़ताल को गलत बताया गया है। हाईकोर्ट ने इस पर जूडा को नोटिस जारी किया है। इस मामले में आज सुनवाई भी हो रही है। इस हड़ताल के चलते शुक्रवार को भी हमीदिया अस्पताल ओपीडी में करीब 38 फीसदी मरीजों की कमी देखी गई। एम्स में भी यही हालत थे, यहां करीब 500 से अधिक मरीज कम पहुंचे।

एसोसिएशन ऑफ हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया, एमपी चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. अनूप हजेला का कहना है कि र्फि इमरजेंसी सर्विसेस चालू रहेंगी, प्राइवेट हॉस्पिटल्स की ओपीडी बंद रहेगी। न्यूरो फिजीशियन डॉ. नीरेंद्र राय ने कहा- प्राइवेट अस्पतालों में सिर्फ इमरजेंसी मरीज और आईपीडी यानी भर्ती मरीजों को ही देखा जाएगा। इस लिस्ट में करीब 350 प्राइवेट अस्पताल शामिल रहेंगे। शासकीय स्वशासी चिकित्सक महासंघ मध्य प्रदेश के मुख्य संयोजक डॉ. राकेश मालवीय ने बताया- केंद्र और राज्य ने अपने-अपने अनुसार डॉक्टर के लिए कई तरह के कानून बना रखे हैं मगर डॉक्टर के लिए कोई भी केंद्रीय कानून अभी तक नहीं बनाया गया। लगातार मांग की जा रही है कि एक सेंट्रलाइज कानून लाया जाए।

### डॉक्टर से गैंगरेप काला धब्बा




**भोपाल। भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने कोलकाता में डॉक्टर से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या की बर्बरतापूर्ण घटना को बंगाल की ममता सरकार के जमीर पर काला धब्बा बताया। कहा कि इस जघन्य घटना के आरोपितों पर कार्रवाई करने की बजाय बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनको बचाने और साक्ष्य नष्ट कराने का काम कर रही हैं। शाजिया इल्मी ने भोपाल में पत्रकार वार्ता में कहा कि कोलकाता में डाक्टर के साथ हुई बर्बरता के दोषियों पर कार्रवाई की बजाय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसके लिए राम, श्याम और वाम को जिम्मेदार बता रही हैं।राम किसी एक पार्टी या धर्म के नहीं, पूरे देश के हैं।**

# विद्यार्थियों ने किया रॉकेट लांच और चंद्रयान की सॉफ्ट लैंडिंग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद एवं जल संसाधन विभाग के सहयोग से राजधनी स्कूल-कॉलेज में भारतीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान और रॉकेट्री के प्रति आकर्षण और रोचकता पैदा करने के लिए शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक चुनाभट्टी विद्यालय एवं सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय स्कूल के बच्चों ने रॉकेट लांच और चंद्रयान की सॉफ्ट लैंडिंग कर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया द्य इस कार्यक्रम में सबसे पहले चरण शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक चुनाभट्टी विद्यालय में उद्घाटन सत्र में अतिथि के रूप में मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के प्रधान वैज्ञानिक विकास शेन्डे द्वारा भारतीय चंद्रयान 3 कार्यक्रम के महत्व और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों के संबंध में बताया गया कि किस प्रकार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने सफलतापूर्वक इस वैश्विक उपलब्धि को प्राप्त किया। इसके बाद विशेषज्ञ के रूप में शैलेंद्र कसेरा ने बच्चों को सॉफ्ट लैंडिंग में आने वाली समस्याओं को प्रयोगात्मक रूप से समझने के लिए चंद्रयान सॉफ्ट लैंडिंग प्रतियोगिता करवाई जिसमे स्कूलके द्वारा चंद्रयान का लैंडर मॉडल डिजाइन कर आसपास के सामान्य घरेलू वस्तुओं से बनाया गया और सभी चंद्रयान लैंडर मॉडलों के सॉफ्ट लैंडिंग की प्रतियोगिता कराई गई जिसमे छात्राओं द्वारा डिजाइन कर बनाए गए लैंडर ने

**मेपकास्ट और जल संसाधन विभाग ने प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर किया स्कूल-कॉलेज में संयुक्त आयोजन**



सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की। इसके साथ ही भारत की अंतरिक्ष की गौरव गाथा जैसे विषय पर पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता भी करवाई गई। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वाटर रॉकेट की लांचिंग था जिसमें बच्चों द्वारा वाटर बोतल से रॉकेट बनाए गए जिस से बच्चों को खुद करके मॉडल रॉकेटरी को निकटता से समझने का मौका मिला। इस कार्यक्रम का कुशल समन्वयन ममता शर्मा के निर्देशन में रश्मि नायक द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों को भारतीय अन्तरिक्ष विज्ञान में भारत की विकास यात्रा को प्रयोगात्मक रूप से समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

### प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी जिसमे लगभग 200 छात्राओं ने भाग लिया द्य निबंध के माध्यम से छात्राओं ने भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के ब?ते कदम पर अपनी बात रखी। कार्यक्रमों का समन्वयन डॉ कुसुम माथुर ने किया। इस अवसर पर परिषद् के प्रधान वैज्ञानिक विकास शेन्डे द्वारा भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के सन्दर्भ में व्याख्यान दिया गया।

# देवेभो-श्रमिकों को भी जन्माष्टमी रक्षाबंधन पर सरकारी अवकाश

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** भोपाल। प्रदेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के समान ही प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों स्थाई कर्मियों एवं लाखों श्रमिकों को भी वेतन सहित 19 अगस्त रक्षाबंधन एवं 26 अगस्त जन्माष्टमी के अवकाश का लाभ देने का निर्णय लिया है। अभी तक जन्माष्टमी एवं रक्षाबंधन पर स्थाई कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं लाखों श्रमिकों को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन सहित अवकाश का लाभ नहीं मिलता था । इससे पूर्व राष्ट्रीय त्योहार पर स्थाई कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों को अपने कार्य स्थल पर ड्यूटी करने जाना पड़ता था ।
कर्मचारी मंच लंबे समय से राष्ट्रीय त्योहार पर स्थाई कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं श्रमिकों को भी अवकाश का लाभ देने की मांग कर रहा था मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत किया है।मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने इस निर्णय परहर्ष व्यक् किया है।

# कलाकारों ने गए देशभक्ति के गीत



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मार्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप ने स्वाधीनता दिवस पर देशभक्ति गीत संगीत का कार्यक्रम ये देश है वीर जवानो का का आयोजन हुआ, जिसमें 35 गायकों ने देश भक्ति गीत गाकर आजादी का पर्व मनाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुशील वासवानी, पूर्व अध्यक्ष आवास संघ थे, जबकि विशेष अतिथि कर्नल नारायण पारवानी एवं लक्ष्मण आसवानी थे। वासवानी का स्वागत ग्रुप के संचालक रामचंद सभमनी ने शाल पहनाकर एवं मोमेंटो देकर किया। वासवानी ने कहा कि गीत संगीत गाने वाले और सुनने वाले दोनों के लिए बहुत बड़ा टॉनिक है। पारवानी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के लिए ग्रुप को स्कूल में जाकर करना चाहिए, जिससे बच्चों में देश भक्ति की भावना जागृत हो। कार्यक्रम में सुरेश तनवानी, चुनीलाल जेठानी, के एल मोटवानी, नरेश पेसवानी, हरनाम पेसवानी, लक्ष्मण रामराखयानी, तुलसीदास परचानी, विवेक दुबे, रूप बसंत, जेठानंद तेजवानी, भागचंद पेसवानी, भगवानदास लीलानी, राजू जाट, राकेश निदाने, संजय नगपुरे, मलान आर्ट, आर के खेरिया आदि सिंगरों ने प्रस्तुति दीं। कार्यक्रम का संचालन रश्मि दुबे एवं सुरेश तनवानी ने किया ।

### सेवासदन को वंदना के नेत्रों का दान

**हिरदाराम नगर।** वल्लभ नगर, लालघाटी निवासी 72 वर्षीय वंदना रामरखियानी का देहावसान आज



दिनांक 16 अगस्त 2024 को हो गया। दिवंगत प्राणी के पुत्र किशोर रामरखियानी ने अपनी माता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं । दिवंगत प्राणी के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2137 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।

# संत कॉलेज में तेजस्वनी फेयर हावरा और नफीसा को पुरस्कार

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की ई-सेल और आई.आई.सी. के संयुक्त तत्वावधान में तेजस्विनी फेयर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय की छात्राओं के लिए एक विशेष मंच प्रदान करना था जहाँ उन्हे अपनी विभिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने एवं कौशल को निखरने का अवसर मिल सके। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि तेजस्वनी फेयर जैसे आयोजनों से छात्राओं का सर्वांगिण विकास होता है। साथ ही आत्म विश्वास बढ़ने के साथ-साथ छात्राओं को अपनी



रचनात्मक संभावनाओं को पहचानने का अवसर मिलता है।

फेयर में विविध संकाय की छात्राओं ने सहभागिता की और अपने हस्त निर्मित उत्पादों जैसे फैब्रिक, राखी, डेकोरेटिव आयटम्स तैयार किए गए पौधों सहित लगभग40 स्टॉल लगाए। छात्राओं ने इन उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री भी की जिससे उनकी उद्यम शीलता कौशल को प्रोत्साहन मिला। फेयर में हावरा हसन, नफीसा हसन ने श्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार हासिल किया। फेयर का अवलोकन संस्था के हीरो ज्ञानचंदानी ने किया और विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया।

**युवा उत्सव** | स्कूलों में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, एकता-अखंडता की शपथ

# संतनगर में उल्लास से मना स्वाधीनता का पर्व

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर और गांधीनगर में जगह-जगह ध्वजारोहण हुआ। विद्यालयों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभता की रक्षा का संकल्प दोहराया गया।

**संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज:** स्वतंत्रता दिवस की 78वीं सालगिरह मनाई गई, मुख्य अतिथि कर्नल एन पारवानी, संस्था के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, थावर वरलानी ने ध्वजारोहण किया। कर्नल एन पारवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2047 तक एक विकासशील राष्ट से विकसित राष्ट्र में बदलने का लक्ष्य रखा है, जिसमें सभी को अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने युवा पीढ़ी से जीवन में अच्छे स्वास्थ्य, अनुशासन और विनम्रता को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। इस अवसर पर कनक बिश्नोई, मरियम खान, चित्रा भोजवानी एवं माइसरा अंसार ने अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन दीपिका सक्सेना ने किया।



### झंडावंदन, शपथ समारोह

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी की शिक्षण संस्थाओं ने स्वतंत्रता दिवस मनाया। छात्र परिषद के पदाधिकारियों ने शपथ भी ली। प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल में विधायक रामेश्वर शर्मा ने झण्डा वंदनकर तथा परेड की सलामी ली। शर्मा ने कहा कि स्वाधीनता देश भक्तों के त्याग एवं बलिदान के दम पर मिली है। संस्था के सचिव रमेश हिंगोरानी, शाला संचालक योगेश हिंगोरानी, प्रशासनिक अधिकारी नीलेश हिंगोरानी एवं समस्त विद्यालयों के प्राचार्यों ने अपने विचार रखे। छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, नाटिका, भाषण, कराते आदि का प्रदर्शन किया गया।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत

केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल एवं कला लक्ष्मणदास वेंसीमल गनवानी फाउंडेशन स्कूल करोंद, में स्वतंत्रता दिवस पर झंडावंदन किया गया। बच्चों ने देशभक्ति से भरे कार्यकमों की प्रस्तुति दी। शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी के सचिव घनश्याम बूलचंदानी, पार्षद दानिश खान और विद्यालय की प्राचार्या सुमन विश्वकर्मा ने झंडावंदन किया।

### महानगर बैंक में आजादी का पर्व

**महानगर नागरिक सहकारी बैंक संतनगर के मुख्यालय में बैंक के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने झंडावंदन किया। वासवानी ने कहा कि देश को एकजुट होकर समस्या का सामना करना चाहिए। हमारा देश विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसरहै। इस प्रगति के मार्ग पर प्रत्येक नागरिक को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। कार्यक्रम में समाजसेवी भगवान दास वीधानी, टी.सी. लालवानी और रामचन्द्र सभनानी ने भी विचार रखे। इस अवसर पर भगवान दास वीधानी, गोविन्द भभ्भानी, झामन दास शामनानी, कांता चांदवानी, ईश्वरचेलानी एवं बैंक कर्मचारी मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन बैंक के मुख्य कार्यपालक प्रकाश आसूदानी ने किया।**

### 8 साल से गायब मानसिंह पर बावल

# मंत्री गोविंद सिंह दे रहे सफाई, विपक्ष दाग रहा सवाल, पुलिस की सांस फूली

## मान सिंह को 8 साल में नहीं खोज पाई पुलिस सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अब एसआईटी करेगी जांच

## सागर के मान सिंह पटेल के 2016 से गायब होने का मामला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

8 साल से गायब सागर के मानसिंह पटेल को लेकर बवाल मचा हुआ है। यह स्थिति सुप्रीम कोर्ट द्वारा एसआईटी गठित कर जांच 4 महीने में जांच करने के आदेश के बाद बनी है। सरकार में कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत फ्रंट फुट पर आ गए हैं और सफाई दे रहे हैं कि उनका इस मामले से कोई लेना देना नहीं है। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत भी कर रहे हैं और कह रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने उनका कहीं कोई जिक्र ही नहीं किया है जबकि शुरू में गायब मानसिंह और उसके परिवार के सदस्यों ने मंत्री पर आरोप लगाए थे। इधर विपक्ष लगातार सवाल दागे हुए हैं कि आखिरकार मानसिंह है कहां और किस हालत में है यही नहीं मानसी की गायब होने के बाद जिन पर आरोप लग रहे हैं उन्हें भी इस्तीफा देना चाहिए पुलिस की अलग टेंशन बढ़ गई है अब इस सियासी राजनीति से जुड़े मामले की उसे नए सिरे से जांच करनी है और रिपोर्ट 4 महीने की भीतर सुप्रीम कोर्ट में पेश करनी है।

उल्लेखनीय है कि यह मामला 2016 में तब सामने आया, जब मान सिंह पटेल की 4 एकड़ जमीन का एक हिस्सा नारायण सिंह नाम के व्यक्ति को मिला। बाद में पाया गया कि नारायण सिंह ने ये जमीन कैलाश को बेच दी और यहां से यह जमीन किसी और के पास चली गई। उस समय मान सिंह ने इसका विरोध किया और कई स्तर पर शिकायत की थी जब सुनवाई नहीं हुई तो याचिका लगाई थी लेकिन बाद में वापस ले ली। तभी वह मीडिया के सामने भी आए थे और आरोपों को खारिज किया था, उसके बाद से गायब है। जिनकी गुणसूदगी की रिपोर्ट 26 अगस्त 2016 को सागर पुलिस ने दर्ज की है।


गोविंद सिंह राजपूत


मान सिंह पटेल

उक्त मामले में सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी मध्य प्रदेश को कहा है कि राज्य के बाहर के आईपीएस अधिकारियों की एक एसआईटी गठित कर जांच कराएं। मान सिंह पटेल की गुमशुदगी की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज करें। गवाहों की सुरक्षा हो, उनके बयान बिना भय के वातावरण में दर्ज किए जाएं। गवाहों के बयान की वीडियोग्राफी कराएं। इधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाए कि सुप्रीम कोर्ट को भी मप्र की पुलिस पर भरोसा नहीं है इसलिए बाहर के पुलिस अधिकारियों से जांच कराने की बात कही है। पुलिस मान सिंह को खोज नहीं पाई। जिन पर आरोप लगे उन्हें त्याग पत्र देना चाहिए तो वही मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा उनके खिलाफ एक राजनीतिक षड्यंत्र किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने षड्यंत्र पर न्याय दिया है।

### पुण्यतिथि पर किया नमन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर डीबी मॉल के सामने स्थित प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन खुली किताब की तरह है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पार्टी का पहला अध्यक्ष बनकर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई।

## रेहड़ी माफिया का आतंक, कलेक्टर-नगर निगम आयुक्त से जवाब तलब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि, भोपाल शहर के न्यू मार्केट, एमपी नगर, अशोका गार्डन समेत सभी जगहों पर ठेले वालों से रेहड़ी माफिया द्वारा अवैध वसूली किये जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में गरीब ठेले वालों ने जिम्मेदार अधिकारियों से कई बार शिकायत भी की है, लेकिन अब तक माफियाओं के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है। मामले में आयोग ने कलेक्टर भोपाल एवं आयुक्त नगर निगम को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा की जा रही गतिविधियों को नियंत्रित करने तथा, जनसामान्य के अधिकारों में अनावश्यक हस्तक्षेप को रोकने के लिए की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है। वहीं आयोग ने रेलवे स्टेशन के सामने एक होटल पर भोजन करने पहुंचे एक युवक द्वारा खाना खराब होने की शिकायत करने पर होटल कर्मचारी द्वारा मारपीट करने के मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर से जांच कराकर कार्यवाही का प्रतिवेदन मांगा है।

## गीतांजली कॉलेज में छात्राओं ने किया प्राचार्य का घेराव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** एबीवीपी के बैनर तले पुराने शहर स्थित गीतांजली कॉलेज में छात्राओं ने प्राचार्य का घेराव किया। एबीवीपी की पदाधिकारियों ने प्राचार्य और महिला प्रोफसरों पर छात्राओं के साथ अभद्रता के आरोप लगाए हैं। छात्राओं ने बताया बीकॉम फर्स्ट ईयर में बिजनेस की 360 और बीएमआर की 360 छात्राएं फेल कर दी हैं। आंसरशीट में उन्होंने सही उत्तर लिखे हैं, लेकिन उनके नंबर नहीं जोड़े हैं। कुछ छात्राओं ने रिटोटलिंग कराई तो उनके भी कई सही उत्तरों के नंबर नहीं जोड़े गए हैं। रिटोटलिंग के समय उनसे कोई हस्ताक्षर भी नहीं कराए गए हैं। इसकी शिकायत जब प्राचार्य प्रो. जयश्री मिश्रा से की तो उन्होंने छात्राओं से अभद्र व्यवहार कर बाहर निकाल दिया।

### सप्रे संग्रहालय में आयोजित भारतीय भाषा महोत्सव में बोले मुख्यमंत्री

## ज्यादा दिन अलग नहीं दिखेगा भारत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बांग्लादेश में सियासी संकट के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अपने आप अखंड भारत आंखों के सामने आएगा। यह मानकर चलें। ज्यादा दिन भारत अलग-अलग नहीं दिखेगा। भारत एक है और रहेगा। मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है जब बांग्लादेश में तख्ता पलट की बात अंतरिम सरकार अस्तित्व में आई है और वहां इस बीच वहां अल्पसंख्यक वर्ग हिंदुओं पर अत्याचार की खबरें आई है। जिस पर भारत की ओर से लगातार चिंता व्यक्त की जा रही है। लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री ने भी वहां रह रहे हिंदुओं के की बेहतरीन की अपेक्षाएं की है। मुख्यमंत्री माधवराव सप्रे स्मृति संग्रहालय द्वारा आयोजित भारतीय भाषा महोत्सव में को संबोधित कर रहे थे। यह शुक्रवार को आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री यहीं नहीं रुके, बल्कि उन्होंने अपने कर्तव्यों को याद करते हुए कहा कि मेरे पास ऐसा दायित्व है कि मैं खुलकर और ज्यादा कुछ नहीं बोल सकता। मुख्यमंत्री ने आरएसएस के विचारकों की किताबों को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने को लेकर उठ रहे विवाद पर भी जवाब दिया और कहा कि अभी पाठ्यक्रम का कोर्स बना नहीं है, उसकी अपनी कमेटी है, उसका अध्ययन मंडल है वो फाइनल करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 55 जिले के अंदर जो पीएम एक्सीलेंस कॉलेज बनाए गए हैं वहां लाइब्रेरी बनाई है। कोई भी विचारवान लेखक होगा, उन सभी की पुस्तकें वहां की लाइब्रेरी में रखी जाएंगी। हम वहां पुस्तकें ना रखें तो क्या करें, पुस्तक रखनी पड़ेगी। पुस्तक रखने में अब वो राष्ट्रीय स्वयं संघ के हो या अन्य कोई भी हों। आपकी इच्छा हो तो पढ़ो और नहीं इच्छा है, तो मत पढ़ो। मुख्यमंत्री ने सप्रे संग्रहालय को अब सालाना 10 लाख की जगह 20 लाख रुपये अनुदान देने की घोषणा की। इस राशि से हिंदी भाषा और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के प्रयासों को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री का सप्रे संग्रहालय में शॉल, पुस्तकें और कलम की प्रतिकृति भेंट कर अभिवादन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सप्रे संग्रहालय संदर्भिका और भाषा सत्याग्रह पुस्तिका का विमोचन किया। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह व अन्य मौजूद थे।

### आरएसएस के विचारकों को पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाए या नहीं, कमेटी तय करेगी







































संपादकीय

# जमानत और जश्न के बीच ...

हाल के दिनों में जमानत को लेकर देश में नई किस्म की बहस शुरू हो रही है क्योंकि देश की सर्वोच्च अदालत ने एक बार फिर स्पष्ट शब्दों में यह संदेश दिया कि जमानत यानी बेल को नियम और जेल को अपवाद मानने की बात महज किताबी नहीं है। कोर्ट ने कहा है कि इसे न सिर्फ सामान्य मामलों में बल्कि यूएपीए जैसे विशेष कानून से जुड़े मामलों में भी व्यवहार में लाए जाने की जरूरत है। दरअसल, यह बहुत गौरतलब बात है कि पिछले कुछ समय से अलग-अलग मामलों में सुप्रीम कोर्ट बेल की अहमियत को बार-बार रेखांकित करता रहा है। इसका एक ताजा उदाहरण आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत पर दिया गया हालिया फैसला है। इस मामले में शीर्ष अदालत ने पीएमएलए यानि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट जैसे विशेष कानून में दी गई ट्रिपल टेस्ट की कठोर कसौटियों के बावजूद ट्रायल में देरी को आधार बनाते हुए सिसोदिया को जमानत दे दी। शीर्ष अदालत को बार-बार यह कहने की जरूरत इसलिए पड़ रही है क्योंकि कुछ बेहद कड़े कानूनों की वजह से हाल में यह मान्यता मजबूत होती दिख रही है कि जिसकी भी इन कानूनों के तहत गिरफ्तारी हो गई, उसे आसानी से जमानत नहीं मिलेगी। हालांकि ऐसे कई मामलों में आरोप बेहद गंभीर हैं, लेकिन हैं तो वे आरोप ही। ऐसे में अपराध साबित होने से पहले अगर किसी को महीनों और सालों जेल काटनी पड़ जाए तो न्याय की प्रक्रिया ही सजा बन जाती है। अभी कुछ समय से राजनीतिक लोगों की गिरफ्तारी भी चर्चा में हैं। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल इस वक्त जेल में हैं। चुनाव के वक्त उन्हें जमानत का लाभ मिला था। इसी तरह कुछ समय पहले झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को इस्तीफा देकर लंबे समय जेल में रहना पड़ा था। अब ताजा फैसला इस लिहाज से खास तौर पर महत्वपूर्ण है। अव्वल तो यह मामला यूएपीए यानी अनलॉफुल एक्टिविटीज एक्ट जैसे विशेष कानून से जुड़ा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि ऐसे कानूनों में भी अगर दी गई व्यवस्थाओं के अनुरूप आधार बनता है तो अदालतों को जमानत देने से हिचकना नहीं चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने इस मामले में पटना हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट के रुख को गलत बताते हुए कहा कि उनका ध्यान मुख्यत- आरोपों की गंभीरता पर ही लगा रहा और वे साक्ष्यों का तटस्थ विश्लेषण नहीं कर पाए। लेकिन यह बात भी गौर करने लायक है कि कई मामलों में अदालत से जमानत दिए जाने के फैसले को आम लोगों के बीच इस तरह से पेश किया जाता है जैसे अदालत ने बेगुनाह करार दिया हो। जमानत से छूटने पर सार्वजनिक तौर पर बाइक रैली करने का एक मामला सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में लाया गया और इसे कोर्ट ने गंभीरता से भी लिया। कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में जमानत रद्द भी की जा सकती है। याद रहे कि हाल में जब मनीष सिसौदिया जेल से जमानत पर बाहर आए तो अगले पूरे दिन वे खासतौर पर सक्रिय रहे और उनके भी कई कार्यक्रम व सियासी तेवर देखे जाते रहे। दरअसल जमानत के बाद नेताओं इसे किसी उपलब्धि के तौर पर मनाए जाने की आदत हो गई है। जबकि राजनीतिक दलों के उन नेताओं को ऐसे मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है जिन परर गंभीर आरोप हैं।

सिद्ध पुरुषों की अलौकिक शक्तियों में जो दिखलाई पड़ता है वह मन की एकाग्रता का ही तो चमत्कार है। संगठित मानस ही आत्मा का योग होता है।

– अमृतलाल नागर

## आज का इतिहास

- 1560 स्कॉटिश संसद ने स्कॉटिश सुधार और राष्ट्रीय धर्म के रूप में कैथोलिकवाद शुरू करने के लिए एक प्रोटेस्टेंट स्वीकारोक्ति को अपनाया।
- 1563 फ्रांस के राजा चार्ल्स नवम को 13 साल की उम्र में वयस्क घोषित किया गया।
- 1676 हैल्मस्टेड की लड़ाई फेल्ब्रोब में लड़ी गई थी और डेनमार्क और स्वीडन के बीच हॉलैंड में आखिरी बार हुआ था।
- 1807 नॉर्थ रिवर स्टीमबोट, रॉबर्ट फल्टन की पहली अमेरिकी स्टीमबोट, दुनिया में पहली वाणिज्यिक स्टीमर बोट सेवा का उद्घाटन करते हुए हडसन नदी पर अल्बानी के न्यूयॉर्क शहर में छोड़ दिया गया।
- 1807 दुनिया के पहले व्यावसायिक रूप से सफल पैडल स्टीमर रॉबर्ट फुल्टन की नॉर्थ रिवर स्टीमबोट न्यूयॉर्क की हडसन नदी की सेवा में चली गई।
- 1832 चीन ने लौह शुरीकेन का उत्पादन खत्म किया।
- 1836 ब्रिटेन की संसद में जन्म, विवाह और मृत्यु से संबंधित पंजीकरण स्वीकार किये गये।
- 1858 अमरीकी प्रांत हवाई द्वीप में पहला बैंक खोला गया।
- 1859 एक गर्म हवा के गुब्बारे के जरिए पहली बार चिट्ठियां भेजी गयीं।
- 1869 पहली बार अंतरराष्ट्रीय नौका दौड़ लंदन के टेम्स नदी में हुई, जिसमें ऑक्सफोर्ड ने हार्वर्ड को हराया।
- 1870 एस्थर मॉरिस प्रथम यूएस महिला मजिस्ट्रेट हुई।
- 1903 जोसेफ पुलित्जर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय को दस लाख डॉलर का दान दिया। उनके नाम पर पुलित्जर पुरस्कार शुरु किया गया।
- 1904 क्रिस वॉटसन ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया और जॉर्ज रीड इसका उत्तराधिकारी बना
- 1908 फैंटामामागोरी ने एमिली कोहल पहली पूरी तरह से एनिमेटेड फिल्म बनाया।
- 1970 संयुक्त राज्य अमेरिका ने बहामा के निकट गल्फ स्ट्रीम में न्यूर गैस के 418 कंटेनर फेके गए।

## निशाना

### ख़बर थी ऐसी आई !



- कृष्णेन्द्र राय

ना हुआ कुछ असर ।
ख़बर थी ऐसी आई ।।
गिरेगा बाज़ार पर ।
हुई जगहंसाई ।।
मच जाएगा उथल-पुथल ।
थे सारे तैयार ।।
बोल नहीं पर सकते ।
होगा कब प्रहार ।।
कभी कभी ये खबरें ।
कर देतीं लाचार ।।
और इनकी बस आहट से ।
डर जाता बाज़ार ।।
हैं सजग निवेशक ।
पल पल घटनाक्रम ।।
धीरे-धीरे लेकिन ।
दूर होगा भ्रम ।।

# राष्ट्रीय उत्सव और यशगान के बीच वह भी तलाशिए जो है हमारी पहचान

■ शिव शुक्ला

कुछ बात पिछली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप की। जब नीरज चोपड़ा ने गोल्ड जीता, तो पोडियम पर तिरंगा फहराने और राष्ट्रगान के बाद कैमरामैन को पोज देने के दौरान उन्होंने कुछ ऐसा किया, जिसने पूरी दुनिया का दिल जीत लिया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी और पाकिस्तान के?खिलाड़ी अरशद नदीम को जब पोज के लिए बुलाया, तो वह भी दौड़ पड़े। मानो वह इसका इंतजार ही कर रहे थे। इन दोनों ने कैमरे पर पोज दिए और यह बता दिया कि अगर कोशिश की जाए, तो प्यार और दोस्ती का संदेश दो प्रतिद्वंद्वी भी दे सकते हैं?और वह भी एक ही झंडे के नीचे।लेकिन क्या आज की दुनिया उस भाईचारे से नहीं?चूक रही??पोस्ट पैंडेमिक वह भाईचारा कहीं खो चुका है। जिस तरह से हमास ने इस्राइल?के लोगों की नृशंस हत्या की, फिर इस्राइल ने गाजा पट्टी पर बमों की बौछार कर दी, जिस तरह से रूस-यूक्रेन एक अंतहीन युद्ध की ओर बढ़ चुके हैं, जिस तरह से बांग्लादेश में अवामी लीग के नेताओं और हिंदू अल्पसंख्यकों को लगातार निशाना बनाया गया है, ऐसी दुनिया में भारत की आजादी की कहानी हम भारतीयों से आग्रह करती है कि हम?इस विभेद के स्याह रंग में न खुद फंसें और न औरों को फंसने दें।?बांग्लादेश से मोहम्मद यूनुस ने भी उस सद्भाव की मांग रखी, तो भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यूनुस?से आग्रह किया कि वह हिंदू व अन्य अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों की सुरक्षा करें। आजादी हमें उस शांति और सद्भाव का संदेश देती है, जहां यह दर्ज है कि मुल्क के आजाद होने का मतलब प्रेम और भाईचारे के साथ आजादी की हवा में सांस लेना होता है। साथ-साथ यह मानना भी कि मनुष्य से बड़ा कुछ नहीं होता, न हुकूमत और न हैसियत। और यह भी कि मनुष्य बंटने या बांटने के लिए नहीं बना है, बल्कि बना है, इन्सानी रंग में रंगने और रंगाने के लिए।

तभी तो 26 जनवरी, 1930 को जब पहला स्वतंत्रता दिवस मनाया जा रहा था, तब भारत के लोग अनेकता में एकता का तिरंगा फहराने में लगे हुए थे। और साथ ही वे यह समझना चाहते थे कि क्या आजादी का मतलब या तिरंगे का रंग कुछ बदल-सा जाता है, जब मजहब या जाति से इन्सान की पहचान निर्धारित होती है? और तब भारतीय स्वतंत्रता की दहलीज पर होमो सेपियंस यानी उस बुद्धिमान व्यक्ति ने नस्ल, धर्म, जाति के भेद से ऊपर रखा इन्सान के किरदार को, उस इकबाल को, उस देशभक्ति के इकरार को, जो गंगा- जमुनी तहजीब से फूटे भीमसेन जोशी के आलाप और बिस्मिल्ला खान की शहनाई से सुने जा सकते थे। वह आवाम की आवाज, जिसमें सिर्फ और सिर्फ भाईचारे की गुंजाइश थी। तभी तो जब 1947 में भारत के विभिन्न हिस्सों में एक अद्वितीय सौहार्द के साथ झंडा फहराया जा रहा था, तो पूर्वोत्तर के पहाड़ी शहर शिलांग में भी चार युवाओं (हिंदू और मुस्लिम) ने एक साथ नए भारत के जन्म का झंडा फहराया था। आजादी मिली, लेकिन हमने महात्मा गांधी को खोया और उस भाईचारे को भी, जिसने भारत की एकता की बुनियाद रखी थी। विभाजन ने हमसे सिर्फ जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि वह जमीर भी दोनों तरफ से छीन लिया, जिसने मनुष्य के भाईचारे पर कभी संदेह नहीं किया था। आखिर मानव संस्कृति क्या है और वह कहां रहती है? समुदायों में, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे या चर्च में, या मनुष्य में? फ्रीडमैन की दुनिया सपाट हो गई, लेकिन क्या देश में सिर्फ बाजार की संस्कृति ही मानव व्यवहार के नियम तय करती है या मनुष्य सबसे पहले मनुष्यता की संस्कृति बनाता है। अगर हां, तो वहां भाईचारे की गुंजाइश बनी रहती है।



जर्मन दार्शनिक और मनोवैज्ञानिक फ्रांज ब्रेंटानो का तर्क है कि मानसिक क्रियाकलापों के तीन प्रकार हैं, जो किसी मानसिक घटना को परिभाषित करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण क्रियाओं में से एक प्रेम और घृणा है। और प्राइमेट्स से लेकर आज तक मानव ने अपने विकास या अस्तित्व के लिए किसी भी समुदाय से नफरत नहीं करने में विश्वास किया था। यहां तक कि मानवविज्ञानी मार्गरेट मीड द्वारा साझा की गई एक फीमर के उपचार की प्रसिद्ध कहानी किसी भी चीज से ऊपर प्रेम की भावना की वकालत करती है। यहां तक कि जानवरों ने भी मानव जाति के लिए प्रेम का प्रस्ताव ही रखा। तभी तो आक्रामक और कैनाइन से लैस होने के बावजूद मनुष्य और जानवर एक साथ रहना सीख गए-साथ टहलना, बात करना, खेलना, और सुख-दुख बांटना भी। तो क्या नागरिक व्यवहार में वह भाईचारा नजर नहीं आ सकता, हर व्यक्ति के मन में, संसद में, समाज में, परिवार में? हमारे परिवारों में वह एकसाथ या साथ-साथ की मिठास कहीं खो तो नहीं गई? मध्य वर्ग कहीं संविधान की प्रस्तावना 'हम भारत के लोग' को भूल तो नहीं रहा? क्या भाईचारा या एकता सिर्फ सैनिक या खिलाड़ियों की जिम्मेदारी है या एक आम नागरिक की भी? हमारे सैनिक तो देश के प्रति प्रेम के पर्याय हैं और देशभक्ति को सार्वभौमिक रूप से परिभाषित करते हैं। वे पीड़ितों का वीडियो नहीं बनाते, बल्कि किसी भी परिस्थिति में मदद के लिए आगे आते हैं। एक सैनिक के निर्माण में धर्म, जाति, वर्ग, भूगोल के लिए कोई जगह नहीं होती, बल्कि सिर्फ और सिर्फ देश और भाईचारे की जगह होती है। वे होते तो बेसमेंट में कोई नहीं डूबता और न ही सपने देखने के लिए कोई बिजली के तार से चिपक जाता। वे तो दिल में भाईचारा लिए दुश्मनों से सरहद की रक्षा करते हैं और कृतज्ञ रहते हैं अपने हिंद की मिट्टी के प्रति। याद कीजिए, हिंदी भाषा के महान लेखक चंद्रधर शर्मा गुलेरी की कहानी, 'उसने कहा था' का प्रसिद्ध पात्र लहना सिंह, जो युद्ध के मैदान में मृत्युशैया?पर अपनी प्रेमिका का वादा निभाने से नहीं चूका और इसलिए उसने उसके पति को बचा लिया। वह आसमान की ओर देख रहा था और उसने अपने देश के साथ-साथ अपने वादे को भी बचा लिया, क्योंकि 'उसने कहा था।'

आजादी हमें देशभक्ति सिखाती है और तराशती है देश की मिट्टी को, जहां एक साथ रहने और जीने की संभावना बनती है। और उन पूर्वाग्रहों और जड़ विचारों को गुलाम बनाती है, जो शक्ति से स्वतंत्रता के भाईचारे के तारों को तोड़ते और मरोड़ते हैं। संसद भी पूछती है कि हमारा और तुम्हारा परिचय आजादी के इतने सालों बाद जाति या धर्म ही क्यों है, और क्यों भाषा का स्तर इतना गिर रहा है और क्यों गिर रहा है आचरण मनुष्य का? क्यों इतनी घृणा बेसमेंट के पानी की तरह मन में भरती जा रही है और अगर प्रजातंत्र उस जनमानस का प्रतिनिधित्व है, तो क्या वह जनमानस इस टूटते भाईचारे की आवाज बनना चाहता है? अगर नहीं, तो फिर इतना हंगामा क्यों है और महात्मा गांधी का देश, मानवता के लिए वह आत्मिक भाईचारे की आवाज क्यों नहीं बन सकता ! क्योंकि भाईचारा वह सत्य है, जहां मनुष्य होने की आवाज सुनाई पड़ती है। महात्मा गांधी ने कहा था, 'सत्याग्रह शुद्ध आत्मिक शक्ति है। इसमें प्रेम की लौ जलती है... अहिंसा ही परम धर्म है।' और अब समय आ गया है कि संसार की नई पीढ़ी को सिखाया जाए कि राजनीति और नैतिकता कोई अलग विषय नहीं है, बल्कि एकीकृत और समग्र है। ऐसा दृष्टिकोण हम सभी को अहिंसा और शांति की नींव पर एक देशभक्त नागरिक के रूप में उभरने, विकसित होने, और सामाजिक सद्भाव को बढ़ाने में मदद करेगा और उस प्रक्रिया को रोकेगा, जो हमें मनुष्य के अलावा कुछ और बनाना चाहती है। आर.के. नारायण के उपन्यास वेटिंग फॉर द महात्मा का नायक सियाराम जब महात्मा गांधी से मिलता है, तो वह उनके पास बैठने से कतराता है। हालांकि, वह यह वादा जरूर करता है कि अगली मुलाकात में वह एक नए सियाराम के रूप में सामने आएगा। और यहीं पर महात्मा गांधी उसे आजादी का मतलब समझाते हैं और बताते हैं कि आजादी का मतलब कुछ नया बनना नहीं है, बल्कि इन्सानियत के साथ खुद को समझना और खुद को और जानना है। इस ओलंपिक में अरशद नदीम को गोल्ड मिला और नीरज गोल्ड से चूक गए, लेकिन इस बार भी वे भाईचारे और प्रेम के सद्भाव से नहीं चूके। यहां तक कि उनकी मां भी नहीं चूकीं और उन्होंने अरशद के लिए कहा,'हम बहुत खुश हैं। हमारे लिए तो सिल्वर भी गोल्ड के ही बराबर है। गोल्ड जीतने वाला भी हमारा ही लड़का है। मेहनत करता है।' हम भी आजादी का अर्थ फिर से समझें और कभी भी भाईचारे से न चूकें, क्योंकि नीरज चोपड़ा की पहचान सिर्फ कोई भाला और कुछेक मीटर नहीं है, बल्कि वह तहजीब है, जिससे एक ही आवाज आती है और जो सरहद के पार भी जाती है। वह आवाज है-जय हे, जय हे, जय हे।

**– साभार: यह लेखक के अपने विचार हैं।**

# मांओं के उद्‌गार से मनुष्यता गौरवान्वित

## इंसानियत की राह

■ विश्वनाथ सचदेव

इस बार ओलंपिक में भाला फेंक प्रतियोगिता में भारतीय प्रतियोगी नीरज चोपड़ा रजत पदक ही जीत पाया। प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक पाक खिलाड़ी अरशद नदीम के हिस्से में आया, लेकिन पदकों के बजाय कहीं अधिक महत्व इस बात को मिला कि दोनों खिलाड़ियों की माताओं ने अपनी प्रतिक्रिया में इसे रेखांकित किया कि भारतीयों और पाकिस्तानियों के आपसी रिश्ते पदक से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। स्वर्ण पदक विजेता पाक खिलाड़ी अरशद नदीम की मां ने यह कहना ज़रूरी समझा कि हिंदुस्तान का नीरज भी उन्हें अपने ही अरशद जैसा लगता है। उनके शब्द हैं, 'खुशी है कि अरशद जीता, पर नीरज भी मेरे बेटे जैसा है। वह अरशद का दोस्त भी है। हार-जीत तो होती ही रहती है। मैंने उसके लिए भी दुआ की थी।' उधर भारत में नीरज की माताजी ने भी अपनी प्रतिक्रिया में कहा, 'हम बहुत खुश हैं। हमारे लिए तो सिल्वर भी गोल्ड जैसा है। गोल्ड जीतने वाला भी हमारा ही लड़का है, मेहनत करता है।'

'नीरज मेरे बेटे जैसा है', 'जीतने वाला (नदीम) भी हमारा ही लड़का है', यह दो छोटे-छोटे वाक्य अपने भीतर बहुत कुछ छुपाए हुए हैं। हर मां अपने बेटे की जीत के लिए दुआ मांगती है, पर उसके प्रतिद्वंद्वी के लिए भी दुआ मांगना सहज नहीं होता। पर भारत और पाकिस्तान की इन दो माताओं ने एक ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिस पर मनुष्यता गौरवान्वित अनुभव कर सकती है। पाकिस्तानी खिलाड़ी शोएब अख्तर ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा है, 'गोल्ड जिसने जीता है वह भी हमारा बेटा है', यह बात सिर्फ एक मां ही कह सकती है। इस बारे में नीरज से पूछा गया तो उनका उत्तर था 'मेरी मां गांव से ताल्लुक रखती है। वहां ज्यादा मीडिया नहीं है, इसलिए वहां के लोग जो कहते हैं दिल से कहते हैं। मेरी मां को दिल से जो भी महसूस हुआ, उन्होंने कहा।' आज



जबकि दुनियाभर के देशों में सांप्रदायिक उन्माद सिर उठाता दिख रहा है, एक-दूसरे के लिए अपनापन महसूस करना बहुत सारी गंभीर समस्याओं का समाधान दे सकता है। यहां सवाल है, उस बीमार सोच का जो किसी नीरज और नदीम को एक- दूसरे से जुड़ने का अवसर नहीं देना चाहता। इन दो माताओं ने अपने दिल की बात कह कर एक रास्ता दिखाया है दुनिया को, जो अमन की मंजिल तक पहुंचा सकता है। इंसानियत का वास्ता देकर धर्म के नाम पर लड़ने की निरर्थकता का अहसास करा सकता है।

अपने ही देश में देखें तो सांप्रदायिकता की आग को भड़काने वाले लगातार सक्रिय होते रहते हैं। धर्म के नाम पर सांप्रदायिकता की एक पट्टी बांध लेते हैं हम अपनी आंखों पर, और फिर हमें साफ दिखाई नहीं देता। एक अंधापन-सा छा जाता है हमारे विवेक पर। इस अंधत्व के चलते हम यह समझना ही नहीं चाहते कि आज जिस धर्म के नाम पर हम जीने-मरने की कसमें खा रहे हैं, वह मनुष्यता का उजाला दिखाने वाला एक रास्ता था जो हमारे आदि-पुरुषों ने खोजा-बनाया था। मनुष्यता की जय-यात्रा में किसी एक या दूसरे धर्म का होना मायने नहीं रखता, हमारा आदमी होना माने रखता है। आदमी वह जो हर कदम विवेक की कसौटी पर कस कर आगे बढ़ाये। नदीम और नीरज की माताओं ने हमें रास्ता दिखाया है। यह भाई-चारे का रास्ता है, जो व्यक्ति को हिंदू या मुसलमान नहीं, इंसान समझने की मंजिल तक पहुंचा सकता है। गोपाल दास नीरज ने लिखा है, 'अब तो कोई मज़हब ऐसा भी चलाया जाये/ जिसमें इंसान को इंसान बनाया जाये।' एक कवि की यह पुकार सच कहें तो एक चेतावनी है। यदि हम आज नहीं संभले तो हमारा आने वाला कल हैवानियत के अंधेरे में कहीं खो जायेगा। जरूरत है अपने भीतर की इंसानियत को बचाये रखने की, ताकि इंसान बचा रह सके। दुर्भाग्य से, आज हमारी राजनीति आग लगाने के हुनर का नाम हो गयी है, इस राजनीति को बदलने की, इससे उबरने की ज़रूरत है। आज बांग्लादेश में जो कुछ होता दिख रहा है वह पूरा सच नहीं है। आज भी वहां ऐसे तत्व हैं जो मंदिरों पर हमलों को स्वीकार नहीं कर पा रहे, जो यह मानते हैं कि धर्म के नाम पर नागरिकों को बांटकर हम इंसानियत को टुकड़ों में बांट रहे हैं। इंसानियत को बचाना है तो हम सबको अपने भीतर मां का दिल जगाना होगा। हर मां अपने बच्चों का भला ही चाहती है, पर हर सच्ची मां के लिए दूसरे का बच्चा भी अपना ही बच्चा होता है। दूसरे के बच्चे को भी अपने बच्चे जैसा समझना एक ऐसा मंत्र है जो हमें सांप्रदायिकता की आग से उबार कर मनुष्यता की राह पर चलना सिखा सकता है।

सही मायनो में आग लगाने के नहीं, आग बुझाने के हुनर को सीखना होगा हमें। मैं दुहराना चाहता हूं, यह सीखने के लिए हमें अपने भीतर मां का दिल जगाना होगा, यह समझना होगा कि धर्म के नाम पर जिसे पराया माना जा रहा है, जिस पर हाथ उठाया जा रहा है, वह भी किसी मां का बेटा है। दुनिया के सब धर्म मनुष्यता का संदेश देते हैंङ्क आंख के बदले आंख फोड़ कर तो हम सारी मनुष्यता को अंधा कर देंगे !

**–साभा: लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

## उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर ने अर्चना शर्मा को किया सम्मानित



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

स्वतंत्रता दिवस पर नगर की जनपद पंचायत सिवनी मालवा कार्यालय में पदस्थ श्रीमती अर्चना शर्मा को सम्मानित किया गया। अर्चना शर्मा को कलेक्टर सोनिया मीणा ने शहर में 15 अगस्त पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सम्मानित किया। सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य क्षेत्र में अच्छा कार्य करने पर श्रीमती अर्चना शर्मा की अनुशंसा जनपद पंचायत कार्यालय ने की थी। श्रीमती शर्मा को इसके पहले भी सम्मानित किया जा चुका है। उनका कार्य उत्तम और अच्छा रहा है। श्रीमती शर्मा सीएम हेल्पलाइन का कार्य देखतीं हैं । उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों का तुरंत निराकरण कर निष्पक्ष कार्य किया है। 15 अगस्त पर कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया।

## नर्मदा कॉलेज में ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

पी एम कॉलेज आफ एक्सीलेंस नर्मदा महाविद्यालय में 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः 8:00 बजे प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने ध्वजारोहण कर स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और समस्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे कालेज को एक्सीलेंस का दर्जा प्राप्त हुआ है, जिसमें कई नये पाठ्यक्रम, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, बस संचालन सहित अनेक नवाचार प्रारंभ हुए हैं अतः हम सबकी और जिम्मेदारी बढ़ जाती है, हम संकल्प लें कि महाविद्यालय की प्रगति के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। अंत में महाविद्यालय के संचालन में अपनी महत्ती भूमिका व उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रो.सविता गुप्ता , डॉ कमल वाधवा, डॉ. एन आर अडलक, डॉ. आर एस बोहरे, डॉ दिनेश श्रीवास्तव,नितिन बाघमारे,शबनम कुरैशी , नित्या पटेरिया, जयसिंह ठाकुर, आशीष चौरे, जुगल किशोर, स्नेहा दुबे को प्रमाण पत्र व ट्राफी प्रदान की गई। साथ ही राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों को भी मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में डॉ अमिता जोशी, डॉ एस। सी हर्ने, डॉ संजय चौधरी, डॉ हंसा व्यास, डॉ बी एल राय, डा कमल चौबे, डॉ ईरा वर्मा सहित समस्त अतिथि विद्वान, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।अंत में मिठाई वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

# रिमझिम फुहारों के बीच आन-बान-शान से लहराया तिरंगा, बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

सिवनी मालवा सहित पूरे 96 ग्राम पंचायत में स्वतंत्रता दिवस की धूम रही। स्वतंत्रता दिवस पर सभी शासकीय कार्यालय पर झंडा बंधन किया गया वहीं नगर पालिका कार्यालय में उपाध्यक्ष स्वाति शैलेंद्र गौर ने झंडा वंदन किया तो जय स्तंभ चौक पर नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन के द्वारा झंडा वंदन किया गया। जय स्तंभ चौक पर सभी स्कूल के छात्र-छात्राओं का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन देर तक चला इस दौरान छात्र-छात्राओं का सम्मान पुरस्कार वितरण भी किया गया। वही नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वचन भी किया गया।

वही गांधी चौक पर जनपद पंचायत अध्यक्ष रेणुका मृगेंद्र सिंह मंडलोई ने झंडा वंदन कर गांधी जी के प्रतिमा पर सामूहिक रूप से माल्यार्पण किया इसके बाद शाहिद गैलरी शिवराज पार्क में भी शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं दूसरी ओर नर्मदा किड्स वैली स्कूल के बच्चों को बताया गया कि भारत के इतिहास में और हर भारतीय नागरिक के जीवन में 15 अगस्त का सबसे महत्वपूर्ण दिन है।

नर्मदा किड्स वैली विद्यालय में 15 अगस्त के इस शुभ अवसर पर विद्यालय की संचालिका श्रीमती सरोज अग्रवाल ने विद्यालय में सर्वप्रथम भारत माता की पूजा अर्चना की इसी के साथ विद्यालय की कॉर्डिनेटर श्रीमती प्रियंका रघुवंशी और समस्त शिक्षिकाओं के साथ मिलकर झंडा वंदन किया इस दौरान विद्यालय के सीनियर केजी बेलाडोना के बच्चों ने शहीद भगत सिंह के त्याग और बलिदान के एक नाटक के रूप में असेंबली के द्वारा व्यक्त किया तो इधर एस0डी0ए0एम0 महाविद्यालय में 15 अगस्त को महाविद्यालय में आजादी का गौरवपूर्ण ऐतिहासिक पर्व बहुत ही उत्साह से मनाया गया। महाविद्यालय के समस्त



विद्यार्थीयों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन किया इस कार्यक्रम का थीम ÷युवा सोच और विकसित भारत÷ रहा कार्यक्रम में मंच संचालन मेघा यादव बी सी ए प्रथम वर्ष की छात्रा द्वारा किया गया। इस दौरान कॉलेज संचालक तनवीर सर ने झंडा वंदन कर झंडे को







सलामी देने के बाद छात्र-छात्राओं को बताया की आज हम अपना तिरंगा फहरा रहे है तो आइए याद रखे की स्वतंत्रता का सार प्रत्येक नागरिक के सशक्तिकरण में निहित है। ये हमारी एकता की ताकत हमारे लोकतंत्र की भावना और हर छेत्र में उत्कृष्टता की खोज में है।आइए हम स्वतंत्रता ,अखंडता और न्याय के उन मूल्यों को बनाए रखने की प्रतिज्ञा करे जो हमे परिभाषित करते है। इस स्वतंत्रता दिवस पर हम अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाए ,अपने नायको का सम्मान करे और राष्ट्र निर्माण के लिए चल रही यात्रा के खुद को प्रतिबद्ध करे।आइए हम सब मिलकर गर्व और संकल्प के साथ आगे बढ़े और ये सुनिश्चित करे की भारत दुनिया के लिए आशा और प्रगति का प्रतीक बना रहे। इस दौरान महाविद्यालय संचालक तनवीर सर, प्राचार्य राजेश कुमार कुशवाह सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित था।


## 15 अगस्त को स्कूल में किया वाटर कूलर भेंट



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

सिवनी मालवा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पावरमेक प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड सिवनी मालवा के द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से निकाली गई। वही कम्पनी के द्वारा ग्राम बाबरी में शासकीय माध्यमिक शाला में छोटे बच्चों को स्वच्छ पानी पीने के लिए वाटर कूलर भेंट किया गया लिए गया। इस दौरान जीएम विनोद अन्ना,एरिया मैनेजर रमेश अन्ना,बाबरी साइट इंचार्ज नवीन,एचआर शक्ति शरण,अविनाश , राजेंद्र केवट ( मजदूर यूनियन अध्यक्ष बाबरी ) द्वारा बच्चो के बीच मिठाई और ,प्रोत्साहन पुरुस्कार भी वितरित किए।

## तिरंगे के रंग में रंगा तवा डैम



**सिवनी मालवा।** जहां पूरे देश में आजादी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा था वही पूरे नर्मदा अंचल में रिमझिम बरसात के बीच तिरंगा फहराया गया। दिन में हो रही बारिश के कारण 15 अगस्त की रात में तवा डैम के पांच गेट खोले गए। इस दौरान का यह मनमोहक दृश्य।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के कार्यालय में पूर्व पीएम को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री मुकेशचंद्र मैना, पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पुरानी इटारसी मयंक मेहतो,भाजपा नगर महामंत्री राहुल चौरे, भाजपा नगर उपाध्यक्ष



शैलेंद्र दुबे,सभापति राकेश जाधव, मंजीत कलोसिया,पार्षद जिमी कैथवास,अनुसूचित जाति मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष संदीप सोनकर,युवा मोर्चा जिला मंत्री गोपाल शर्मा, सौरभ मेहरा,आशीष सोनी, गौरव बडकुर,कुलदीप रघुवंशी,विशाल कुशवाहा, कमलेश राजवंशी,यूनिस खान, संदीप तिवारी,शुभम गौर, राहिल सोनकर,हैप्पी भाटिया, गोपाला मालवीय,बसंत चौहान,रिषभ चौहान,प्रतीक चौरसिया व अन्य मौजूद थे।

## नर्मदापुरम जिले में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



नर्मदापुरम जिले में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। जिले में आन बान शान से आजादी का तिरंगा लहराया गया। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। मुख्यमंत्री ने 78वें स्वतंत्रता दिवस की सभी प्रदेश वासियों को मंगलकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि आज का पावन दिन भारत माता को स्वतंत्र कराने के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले वीरों, राष्ट्र भक्तों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का पुण्य अवसर है। कलेक्टर सुश्री मीना ने मुख्यमंत्री के संदेश वाचन के पश्चात आनंद और उल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारे हवा में मुक्त विचरण के लिए छोड़े। तत्पश्चात परेड दलो द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया गया। परेड दल का नेतृत्व परेड कमांडर स्नेहा चंदेल ने किया। मुख्य समारोह में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक नर्मदापुरम डॉ.सीतासरन शर्मा, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधा पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, म.प्र. तैराकी संघ के अध्यक्ष पियूष शर्मा, माधवदास अग्रवाल, सुधीर पटेल, उमेश यादव, नर्मदापुरम संभाग के संभागायुक्त के.जी. तिवारी, पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, सतपुडा टाईगर रिजर्व के संचालक एल कृष्णमूर्ति, वन संरक्षक अनिल शुक्ला, सीईओ जिला पंचायत एस.एस.रावत सहित गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय रायपुर श्री राजेश जैसवाल और आरती शर्मा ने किया।

**मेट्रो एंकर** — 78वें स्वतंत्रता दिवस को उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया

# कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के साथ किया विशेष मध्यान्ह भोजन



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जिले में 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सीएम राईज स्कूल पवारखेडा के परिसर में स्थित माध्यमिक शाला में विशेष भोज का आयोजन किया गया। विशेष मध्यान भोजन कार्यक्रम में कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरण सिंह, विशेष अतिथि श्रीमती माया नारोलिया, नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव , जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, अपर कलेक्टर डी.के. सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट असवन राम चिरावन, संयुक्त कलेक्टर अनिल जैन, एसडीएम नर्मदापुरम श्रीमती नीता कोरी सहित अधिकारियों ने बच्चों के साथ बैठककर मध्यान भोजन ग्रहण किया। मध्यान भोजन में सब्जी, पुरी, खीर एवं लड्डू का वितरण किया गया।

**कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने किया पौधरोपण:** माध्यमिक शाला स्कूल परिसर में कलेक्टर सोनिया मीना, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरण सिंह ने विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया।

## कलेक्टर ने ली पेरिस ओलंपिक हॉकी टीम के कांस्य पदक विजेता विवेक सागर के साथ सेल्फी

जिला हॉकी एसोसिएशन द्वारा इटारसी में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुई कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना। उन्होंने कहा कि विवेक हमारे जिले को लगातार कई वर्षों से गौरवान्वित करते आये हैं। श्री



विवेक हमारे जिले का गौरव है और उनका सम्मान करना हमारा सौभाग्य। उनके फोकस समर्पण अनुशासन दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत से समाज का हर व्यक्ति प्रेरणा लेगा। कलेक्टर ने श्री सागर को आने वाली प्रतियोगिताओं में सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं।

## अशोक ध्यानचंद की नज़र मुझ पर ना जाती तो शायद मैं आज यहां नहीं होता, बोले ओलंपियन विवेक सागर

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

पेरिस ओलंपिक 2024 में ब्रॉन्ज ब्रोंज मेडल जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य और इटारसी के निवासी हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर इटारसी पहुंचे। यहां उनका जिला हॉकी संघ के सदस्यों ने गर्म जोशी से स्वागत किया हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर ने पत्रकारों से विभिन्न विषयों पर बातचीत की। पत्रकारों से चर्चा के दौरान वे जिंदगी में बदलाव की बड़ी कड़ी साबित होने वाले वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद का नाम लेना नहीं भूले। साथ ही साथ उन्होंने जिला हॉकी संघ के प्रति भी अपना आभार जताया। उन्होंने अपने हॉकी मैच से जुड़े किस्सों की याद ताजा करते हुए कहा कि जर्मनी के मैच के बाद उन्हें आधी रात तक नींद नहीं आई। बस यही बात दिमाग में घूमती रही कि गलती कहां हुई। विवेक ने कहा कि हमारे मध्यप्रदेश में हॉकी की बहुत सी प्रतिभाएं हैं जिन्हें पर्याप्त एक्सपोजर नहीं मिल पाता है ऐसे खिलाड़ियों को बाहर निकालने के लिए खेल से जुड़े अनुभवी लोगों को उनके बीच जरूर जाना चाहिए।

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय परिवार में 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉक्टर पीसी नरवरे द्वारा ध्वजारोहण किया गया. इस अवसर पर संस्था के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए.

इस अवसर पर डॉक्टर पीसी नरवरे ने कहा संस्था के विकास के लिए नवीन पांच पाठ पाठ्यक्रम के संस्था में प्रारंभ होने जा रहे हैं इस संस्था की उपलब्धि के लिए सभी कर्मचारी और अधिकारी कर्मचारियों को बधाई प्रेषित की और सभी को मन लगाकर कार्य करने के लिए संकल्प किया.

संस्था विकास में सभी अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रस्तुत करें इस हेतु संकल्प लिया संस्था के विभाग अध्यक्ष आरआर चंद्राकर देवेश तिवारी और संस्था के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने भारत माता के किनारे लगाए. साथी उपस्थित छात्र-छात्राओं को संस्था के विकास के लिए संकल्प दिलाया कि हम सब मिलकर संस्था में कार्य करें. नकुल सिंह सूरज राय बोले दीपक मालवीय नीति राज कछुआ सहित सभी सदस्य उपस्थित हो रहेसभी मनोज गौर रुद्र कुजूर पल्लवी मिश्रा सहित संस्था में उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन देवी प्रसाद मैहर के द्वारा किया गया.

## बरसते पानी में हुआ जगह-जगह हुआ ध्वजारोहण

# बारिश भी नहीं रोक पाई विद्यार्थियों का हौसला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मिले पुरस्कार






**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

आजादी का जश्न बड़े ही उल्लास के साथ बरसते पानी में नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में मनाया गया देश की आन बान और शान तिरंगा आसमान में लहराया मुख्य कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय के परिसर में हुए जहां पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा देवी के द्वारा ध्वजारोहण करके परेड की सलाम ली मुख्यमंत्री के संदेश का वचन भी हुआ इसके बाद मार्च पास्ट हुआ फिर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सबसे बड़ा उत्साह तो विद्यार्थियों के चेहरे पर देखने को मिला मैदान गीला होने के साथ पानी भरा हुआ था कीचड़ थी पर इनके अंदर देशभक्ति की भावना इन सबसे ऊपर थी तभी तो आयोजन कर्ताओं के मना करने के बाद भी छात्रों ने संस्कृत कार्यक्रम में भाग लेकर प्रस्तुति विकासखंड के 13 स्कूलों के विद्यार्थियों ने रिमझिम बारिश और मैदान में कीचड़ और पानी होने के बाद भी देशभक्ति से उत्प्रोत गीतों पर संस्कृत कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी से खूब तालियां बजवाई बरसते पानी में इनका हौसला साथ में आसमान पर था संस्कृत कार्यक्रम के समापन के बाद मैदान में बच्चे जमकर झूमे नाचे यह दृश्य देखते ही बन रहा उत्कृष्ट विद्यालय ,सीएम राइज स्कूल, कन्या शाला के अलावा निजी स्कूलों के बच्चों ने भी संस्कृत कार्यक्रम में भाग लिया प्रथम ,द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के अलावा संस्कृत कार्यक्रम भाग लेने वाले सभी स्कूलों के विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए जनपद अध्यक्ष पुष्पद देवी हमीर सिंह यादव ,नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, एसडीएम हर्षल चौधरी, इस दौरान तहसीलदार संजय चौरसिया, जनपद सीईओ वंदना शर्मा, एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी , पी डब्लू डी एसडीओ अरविंद पाठक, एलबीएस कॉलेज प्राचार्य लालचंद राजपूत, बी ई ओ उमेश सोनी , बी आर सी ओम प्रकाश रघुवंशी कन्या शाला के प्राचार्य मनोज शर्मा और शान मियां ने कार्यक्रम का संचालन किया।

**आन बान शान से लहराया तिरंगा** – स्वतंत्रता दिवस पर नगर की सभी सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण हुआ एसडीएम कार्यालय में एसडीएम हर्षल चौधरी ने, जनपद कार्यालय में अध्यक्ष पुष्पा देवी हमीर सिंह यादव ,नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू ,कृषि उपज मंडी में प्रभारी मंत्री सचिव रमेश बाबू पंथी ,वन विभाग में परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम, बीआरसी कार्यालय में बी आर सी ओम प्रकाश रघुवंशी, उपपंजीयक कार्यालय में उपपंजीयक अधिकारी मनोज कुमार अहिरवार ने किया । इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पुरानी सब्जी मंडी स्थित कार्यालय में तथा कांग्रेस पार्टी के द्वारा भी अपने कार्यालय पर ध्वजारोहण किया अन्य स्थानों पर भी 15 अगस्त पर झंडा वंदन हुआ।


**श्रमजीव पत्रकार संघ ने भी किया झंडा बंधन** - स्वतंत्रता दिवस पर हर साल की भांति इस वर्ष भी श्रमजीवी पत्रकार संघ के द्वारा नवीन बस स्टैंड पर स्थित पत्रकार भवन में झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजन किया गया। जहां पर पत्रकार संघ महासंघ अध्यक्ष रोहिताश्व शर्मा , श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष मुकेश रघुवंशी ने झंडा बंधन किया वंदे मातरम गायन हुआ इसके उपरांत एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई इस दौरान मयंक अग्रवाल, सलमान खान, रेवाराम कुशवाहा, अंकित साहू रिंकू सुमन ,राजेश पटेल जफर खान, पूरानचंद साहू, कृष्ण चंद्र पटेल, जितेंद्र जैन, शैलेंद्र रघुवंशी, रवि विश्वकर्मा, ऋषि शर्मा, आदेश बरसडे, राहुल मंगल, जाहिद खान अमित मालवीय आदि मौजूद थे।

# नगर पालिका की लापरवाही से बड़ा हादसा, 4 महीने से खुदी नाली में गिरी कार



**सिरोंज।** नगर पालिका परिषद के कारनामे तो वैसे ही धीरे-धीरे करके जिले के साथ प्रदेश में प्रसिद्ध होते जा रहे हैं। आम जनता की सुनवाई नहीं हो रही है भ्रष्टाचार के कारनामे जरूर चारों तरफ चर्चा हो रही है। अब तो इनकी लापरवाही के चलते हदसे भी होने लगे हैं लगभग 4 महीने पूर्व विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देश पर नगर पालिका परिषद के द्वारा विशेष सफाई अभियान शहर में प्रारंभ किया गया था उसके तहत बासौदा नाके पर ब्लेजर पेट्रोल पंप पर चौंक पड़ी नाली की सफाई के लिए जेसीबी से कुछ क्षेत्र में नाली खोदकर छोड़ दी गई थी आगे नाली की खुदाई बंद कर दी तथा खुदाई के बाद इस नाली को बंद करने का काम भी नही किया गया इस वजह से गुरुवार की रात्रि में पेट्रोल पंप पर जा रही ब्रेजा कर इस गड्ढे में गिर गई गनीमत रही कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ नहीं तो बड़ी घटना भी हो सकती थी खोदी गई नाली में कर गिरने के बाद यहां पर लोगों की भीड़ जमा हो गई क्रेन की सहायता से कर को बाहर निकलवाया गया इस तरह की लापरवाही शहर में कई जगह देखने को मिल जाएगी अभी भी खोदी गई नाली बंद नहीं किया गया है शायद किसी दिन बड़ी दुर्घटना होने के बाद नगर पालिका के अधिकारी कुंभकरण की नींद में से जाएंगे और खुली पड़ी नाली को बंद करवाने का कार्य धरातल पर करेंगे।

# विधायक उमाकांत बने कृषि विकास समिति के सदस्य



**सिरोंज।** मध्य प्रदेश कृषि विकास समिति में विधायक उमाकांत शर्मा को सदस्य बनाया गया, इनके सदस्य बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी लहर दौड़ गई एवं सोशल मीडिया पर कार्यकर्ताओं इनके द्वारा बधाई दी जा रही है।

# खाद की हेराफेरी करने वाले गोदाम प्रभारी निलंबित

## प्रायवेट दुकानदार व वाहन स्वामी के खिलाफ एफआईआर की कार्यवाही

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने अधिकारियों से परिचयात्मक बैठक के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिले में कहीं भी किसी भी प्रकार की कालाबाजारी ना हो के पुख्ता प्रबंध विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा जिले में अवैध खाद भण्डारण, परिवहन पर सतत नजर रखी जा रही है ताकि किसानो को खाद प्राप्ति में किसी भी प्रकार की बाधाएं ना हो।

कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा उर्वरक समीक्षात्मक बैठक में दिए गए निर्देशो के पालनार्थ हेतु कृषि विभाग सहित अन्य सहयोगी विभागो के द्वारा विशेष चौकस, सतर्कता और निगरानी बरती जा रही थी जिसके फलस्वरूप गोदाम प्रभारी भण्डार केन्द्र गंजबासौदा एक के क्षेत्र सहायक हरिशंकर शर्मा के द्वारा खाद स्कंधो में अफरा-तफरी कर राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित को आर्थिक क्षति पहुंचाने का कदाचार करने पर श्री शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है और उनका मुख्यालय मण्डल कार्यालय भोपाल नियत किया गया है नियमानुसार उन्हें जीवन




निर्वाह भत्ता प्राप्ति की पात्रता होगी।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक श्री केएस खपडिया के द्वारा तीन सदस्यीय जांच प्रतिवेदन में उल्लेख है कि जिला विपणन अधिकारी श्री कल्याण सिंह ठाकुर, कॉ-आपरेटिव बैंक के सीईओ श्री विनय प्रकाश सिंह के साथ बासौदा पहुंचकर 15 अगस्त को गाडी क्रमांक एमपी 09 केसी 3633 ट्रक द्वारा डीएपी का अवैध परिवहन कर पुरानी गल्ला मंडी में प्रायवेट फार्म मेसर्स गिर्राज टेऊडर्स गंजबासौदा प्रो0 राजेन्द्र गुप्ता की गोदाम पर 108 बोरी उतारकर ट्रक को रास्ते में उर्वरक इंस्पेक्टर श्री अशोक सिंह कौरव द्वारा पकड़कर देहात थाना बासौदा में खडा कर दिया गया। जांच करने पर पाया गया कि हरिशंकर शर्मा डबल लॉक गोदाम प्रभारी द्वारा पैरवारा समिति के नाम से चालान काटकर अवैध रूप से उर्वरक डीएपी का प्रायवेट मेसर्स गिर्राज टेऊडर्स गंजबासौदा के पास खाली हेतु ट्रक भेजा गया था। डबल लॉक केन्द्र बासौदा का निरीक्षण किया गया जिसमें 225 बोरी डीएपी कम पाई गई जिसका मौके पर पंचनामा तैयार कर उर्वरक अधिनियम के विरूद्व कार्यवाही की गई है।

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक श्री खपडिया ने बताया कि डबल लॉक प्रभारी श्री हरिशंकर शर्मा एवं मेसर्स गिर्राज टेऊडर्स गंजबासौदा के विरूद्व उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1995 की धाराओ के तहत एवं कंट्रोल आदेश और आवश्यक वस्तु अधिनियम की निहित धाराओं अंतर्गत एवं वाहन स्वामित्व के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने हेतु देहात थाना गंजबासौदा को आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें थाना प्रभारी द्वारा चाहे गए दस्तावेंज भी उपलब्ध कराए गए है।

# वक्फ कमेटी ने वक्फ बोर्ड की कृषि भूमि से अतिक्रमण हटवाने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शुक्रवार वक्फ कमेटी के अध्यक्ष वाजिद कुरैशी के साथ सदस्यों ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार संजय चौरसिया को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया है कि बासौदा रोड पर स्थित मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड की कृषि भूमि खसरा क्रमांक के 2616 जो कि लगभग 20 बीघा से ऊपर का रकबा है जिस पर अबैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है उसको मुक्त करवाया जाए बोर्ड की अनुमति के कृषि भूमि पर अवैध रूप से ईंट भट्टे, कच्चे पक्के मकान एवं टीन सेट की दुकानें लगाकर अन्य लोगों को किराए से दिए गये हैं जो कि वक्फ बोर्ड अधिनियम के विरुद्ध हैं अतिक्रमण धारियों पर कार्रवाई करके बोर्ड की जमीन को खाली करवाया जाए।



# नेशनल लोक अदालत 14 सितंबर को

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा श्री जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में जिला विदिशा एवं तहसील न्यायालय गंजबासौदा, सिरोंज, कुरवाई, लटेरी में 14 सितंबर 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशिएबल स्टूमेंट एक्ट के अंतर्गत चैक बाउंस प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य लंबित एवं प्रीलिटीगेशन प्रकरणों का निराकरण दोनों पक्षों की सहमति एवं सुलह के आधार पर किया जाएगा।

जिला न्यायाधीश एवं सचिव श्री मसूद एहमद खान ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के अतिरिक्त बैंक, विद्युत, जलकर, संपत्तिकर, भारत संचार निगम लिमिटेड आदि प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही चैक बाउंस तथा मोटर दुर्घटना दावा के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये प्रीसिटिंग आयोजित की जाकर प्रकरणों के निराकरण करने के प्रयास किये जाएंगे। आमजनों से अपील है कि 14 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक अपने राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण कराएं।

# बजरंग दल विहिप ने मनाया अखण्ड भारत संकल्प दिवस



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के द्वारा अखंड भारत संकल्प दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया छत्री मंदिर के बाहर श्री हनुमान चालीसा पाठ कर भारत माता की आरती कर सभी लोगो ने संकल्प लिया की एक दिन हम भारत को पुनः अखण्ड करेगे इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक पहलवान सिंह बघेल ने अपने विचार व्यक्त किए साथ में विहिप विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख राकेश सक्सेना ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की कड़ी निन्दा की साथ में भारत में रह रहे हिंदुओं को चेताया की सभी एक जुट हो कर भारत में सनातन एब हिंदुओ को ताकतवर बनाए इन्होंने बताया कि भारत का हिंदू कमजोर नही है वह समय आने पर ईंट का जवाब पत्थर से देगा अब हिंदू जाग गया है। आभार रोहित यादव ने किया इस दौरान बड़ी संख्या लोग मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर**

## कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की गहन समीक्षा की

# योजनाएं समयावधि में पूर्ण नहीं होने पर अधिकारी दंडित होंगें :कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज विदिशा जिले में जल जीवन मिशन तहत क्रियान्वित कार्यो की गहन समीक्षा की है। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि समयावधि में नल जल योजना के कार्य पूर्ण नहीं होने पर कार्यक्षेत्र के संबंधित अधिकारी के खिलाफ आर्थिक दंड संबंधी कार्यवाही की जाएगी। सितंबर माह के बाद कोई भी पूर्ण कर ली गई योजना संबंधित को हैंडओवर करने से पीछे ना रहे। टेक्निकल और मैकेनिकल कार्य सितंबर माह अवधि तक पूर्ण कर लिए जाएं साथ ही समय सीमा में योजनाओं को पूरा नहीं करने पर पीएचई के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की



जाएगी। उन्होंने कहा है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर में नल कनेक्शन उपलब्ध हो, साथ ही जिस घर में जल प्रदाय की सुविधा मुहैया कराई जा रही है उस घर में नल के साथ टोंटी अवश्य लगाई जाए, ताकि अनावश्यक रूप से पानी की बर्बादी को रोका जा सकें। इसके अलावा उन्होंने आम नागरिकों की आवागमन सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कहा कि बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए पाइप लाइन डालने के लिए सड़कों को खोदने का कार्य ना किया जाए मौसम खुलते ही इन कार्यों को दुगनी गति से पूरा किया जाए।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने दूषित जल पीने के कारण होने वाली बीमारियों के बचाव के संबंध में तमाम प्रबंध सुनिश्चित कराते हुए कहा कि डायरिया जैसी गंभीर बीमारी विदिशा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ना फैल पाए इसके लिए बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यदि जिले के किसी गांव में डायरिया बीमारी की जानकारी मिलती है या कोई इसकी चपेट में आता है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। भ्रमण के दौरान इस तरह के मामले संज्ञान में आते है तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिसमें किसी भी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाएगी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने डायरिया बीमारी ग्रामीण क्षेत्रों में ना फैले इसके लिए पेयजल सप्लाई की पाइपलाइन नालियों से होकर गुजरती है तो इन पाइपलाइन के लीकेज सिस्टम की जांच पड़ताल कर लें, हैंड पंपों की साफ-सफाई करा लें आवश्यकता अनुसार दवाओं का छिड़काव कराएं।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

E-mail Id-mobhopal@gmail.com

क्रमॉक/ 1316/ खनिज/उ.प्र.-260/2024 — भोपाल, दिनॉक-7/8/2024

**// द्वितीय सूचना//**

**मप्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियत , 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए।**

यह सूचित किया जाता है कि **श्री धमेन्द्र गौर, आ. श्री गौरेलाल गौर निवासी 56, नीमखेड़ी पोस्ट रूनाहा, तहसील बैरसिया जिला भोपाल (म.प्र.)** द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 10/06/2024 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक जी-12345/24 दिनांक 24/06/2024 प्रकाशित की गई थी इस क्षेत्र पर पुनः दिनांक 30/08/2024 तक स क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किया जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | बैरसिया | धनौरा | 2/1/1 (एस) | 2.000 हेक्टे. | शासकीय | यात्रिकी क्रिया द्वारा गिट्टी बनाने के लिए (अर्थात क्रेशर के उपयोग हेतु) | कुल रकबा 2.000 हेक्टे. |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन परत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05.30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. खनिज नियम 1996 के नियम -21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशत विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के अनियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

G-14962/24

**सह. खनिज अधिकारी**
**जिला भोपाल**


### सहवाग और रोहित शर्मा को ओपनर्स बनाया, तेंदुलकर को चौथे नंबर पर रखा

# कार्तिक की ऑलटाइम प्लेइंग 11 से धोनी, गौतम व कपिल बाहर!

**फ्लोरिडा, एजेंसी**

भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भारत की ऑलटाइम प्लेइंग-11 चुनी है। इस टीम में पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी, सौरव गांगुली, गौतम गंभीर और कपिल देव जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को जगह नहीं मिली है। 39 साल के कमेंटेटर ने एक शो के दौरान अपनी ऑलटाइम प्लेइंग-11 का ऐलान किया। उन्होंने यह टीम तीनों फॉर्मेट के हिसाब से बनाई है। कार्तिक ने बतौर ओपनर्स वीरेंद्र सहवाग और रोहित शर्मा को चुना है, जबकि नंबर-3 पर पूर्व भारतीय कोच राहुल द्रविड़ को जगह दी है। नंबर-4 और नंबर-5 के लिए कार्तिक ने पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली का चयन किया है।







#### 3 आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले धोनी को जगह नहीं

कार्तिक की टीम में 3 ढ्ढष्ट ट्रॉफी जीतने वाले कप्तान एमएस धोनी को जगह नहीं मिली है। धोनी ने भारत को 2007 टी-20 वर्ल्ड कप, 2011 वनडे वर्ल्ड कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीताया है। जबकि वनडे क्रिकेट में उनके नाम 10 हजार से ज्यादा रन भी दर्ज हैं। इतना ही नहीं, इस टीम में भारत को पहला वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान कपिल देव, सौरव गांगुली और गौतम गंभीर को भी जगह नहीं मिली है।

#### लोअर मिडिल ऑर्डर की कमान युवी और जडेजा को

भारत की ऑलटाइम प्लेइंग-11 में लोअर मिडिल ऑर्डर पर युवराज सिंह और रवींद्र जडेजा को रखा गया है। युवी को नंबर-6 और जडेजा को नंबर-7 की पोजिशन दी गई है। वहीं, स्पिन ऑप्शन्स के रूप में कार्तिक ने आर अश्विन और अनिल कुंबले को अपनी टीम में शामिल किया है। कार्तिक ने पेस अटैक में जसप्रीत बुमराह और जहीर खान को चुना है। दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह को 12वें खिलाड़ी के तौर पर जगह दी है।

## बुची बाबू टूर्नामेंट: झारखंड के लिए कप्तानी पारी, ईशान ने ठोका शतक

**तिरुनेलवेली. एजेंसी**

युवा बल्लेबाज ईशान किशन ने 86 गेंदों में शतक लगाकर मध्यप्रदेश के खिलाफ झारखंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। बुची बाबू टूर्नामेंट के मैच में मध्यप्रदेश की टीम दूसरे दिन 225 रन पर सिमट गई थी। ईशान छठे नंबर पर उतरे और मुश्किल में फंसी झारखंड टीम को संभाला। ईशान ने अपनी पारी 107 गेंदों का सामना करते हुए 5 चौके व 10 छक्के लगा कर 114 रन बनाए। दूसरे दिन स्टंप्स तक झारखंड ने अपनी पहली पारी में 7 विकेट खोकर 277 रन बना लिए थे। ईशान ने लगातार दो छक्के लगा कर शतक पूरा किया।

### इंडीज-साउथ अफ्रीका का दूसरा टेस्ट

## अफ्रीका ने 5 विकेट पर 233 रन बनाए वेस्टइंडीज 144 रन पर सिमटी

**फ्लोरिडा, एजेंसी**

साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 239 रन की बढ़त बना ली है। साउथ अफ्रीका ने गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 223 रन बना लिए हैं। पहली पारी में 16 रन की बढ़त के साथ साउथ अफ्रीका की कुल बढ़त 239 रनों की हो गई है। दिन का खेल समाप्त होने तक वियान मुल्डर 34 और काइल वेरिन 50 रन बना कर क्रीज पर मौजूद हैं।

वहीं इससे पहले दूसरे दिन वेस्टइंडीज ने 7 विकेट पर 97 रन से दिन की पारी की शुरुआत करते हुए पारी को 144 रनों तक बढ़ाया। जेसन होल्डर 54 रनों के साथ वेस्टइंडीज के टॉप स्कोरर रहे। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा नहीं छू पाया। एडेन मार्करम और टोनी डी जोरजी ने साउथ अफ्रीका को दूसरी पारी में अच्छी शुरुआत दी। पहले विकेट के लिए दोनों ने 79 रन जोड़े। टोनी डी जोरजी ने 72 गेंदों पर 39 रन बना कर आउट हो गए। अफ्रीका का दूसरा विकेट 120 रन पर गिरा। जोरजी के बाद दूसरे ओपनर मार्करम भी 108 गेंदों पर 51 रन बना कर पवेलियन लौट गए। दोनों के लौटने के बाद अफ्रीका की पारी लड़खड़ा गई और 139 रन पर 5 खिलाड़ी पवेलियन लौट गए। उसके बाद मुल्डर और वेरिन ने टीम की पारी को संभाला और छठे विकेट के लिए दोनों ने 84 रन की साझेदारी कर चुके हैं।



#### बॉलरों ने लिए थे 17 विकेट

पहले दिन दोनों टीमों के गेंदबाजों ने 17 विकेट लिए। इनमें से 15 विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए। पहले दिन खेले गए 82.2 ओवर में से 68 ओवर तेज गेंदबाजों ने किए। वेस्टइंडीज से शमार जोसेफ ने 5 और जेडन सील्स ने 3 विकेट लिए। गुडाकेश मोटी और जेसन होल्डर ने 1-1 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका की ओर से वियान मुल्डर ने 6 ओवर में 18 रन देकर 4 विकेट लिए। इनके अलावा नांद्रे बर्गर ने 2 और केशव महाराज ने 1 विकेट लिया। इस मैच में पहले दिन दोनों टीमों के टॉप 6 बल्लेबाजों में से केवल वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर ही 30 रन से ज्यादा बनाने में सफल हुए थे।



## रुला रही आलू-प्याज की थोक महंगाई, सब्जियां एक माह में 22 फीसदी महंगी

### मेट्रो बाजार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

हायर बेस इफेक्ट के कारण जुलाई में खुदरा महंगाई के बाद थोक महंगाई बढ़ने की रफ्तार भी सुस्त हुई है। जुलाई में होलसेल प्राइस इंडेक्स पर आधारित थोक महंगाई दर घटकर 3 महीने के निचले स्तर 2.04 फीसदी पर आ गई, जो जून में 3.36 फीसदी थी। इसी तरह पिछले साल जुलाई के मुकाबले इस साल जुलाई में खाने-पीने की चीजों के थोक दाम कम बढ़ने से खाद्य थोक महंगाई दर भी घटकर 3.55 फीसदी पर आ गई, जो जून में 10.87 फीसदी बढ़ी थी। हालांकि, थोक और खाद्य थोक महंगाई दर में गिरावट आने के बावजूद दाल और सब्जियों की ऊंची कीमतें लोगों का बजट बिगाड़ रही हैं। जून के मुकाबले आलू-प्याज सहित सभी सब्जियां महंगी हुई हैं।



**बिगाड़ा जायका:** जून 2024 के मुकाबले थोक बाजारें में आलू की कीमतें जुलाई में करीब 15 फीसदी बढ़ गई, वहीं जुलाई 2023 के मुकाबले इस साल जुलाई में आलू की थोक कीमतें 76.23 फीसदी बढ़ गई। यानी एक साल में आलू की कीमतें आसमान पर पहुंच गई है। प्याज भी खरीदारों के आंसू निकाल रहा है। जून के मुताबले जुलाई में प्याज की कीमतें 25 फीसदी तो एक साल में करीब 89 फीसदी बढ़ गई है। इसी तरह अन्य सब्जियों की कीमतें में एक माह में 22.3 फीसदी बढ़ी। हालांकि सालाना आधार पर सब्जियों की थोक महंगाई में गिरावट आई और जुलाई 2023 के मुकाबले इस साल थोक बाजारों में सब्जियां करीब 9 फीसदी सस्ती बिकी। दाल की कीमतें भी एक साल में 20 फीसदी से अधिक बढ़ गई।

## आपूर्ति में कमी होने के कारण चने में तेजी की रफ्तार

**इंदौर, एजेंसी**

चना दाल में मांग बढ़ने से चना में दाल मिलर्स लेवाली बढ़ी जिससे चना की कीमतों में तेजी का रुख बना हुआ है। उत्पादक मंडियों में चना की आवक कमजोर बनी रहने मांग व आपूर्ति में अंतर बढ़ने लगा है जिससे चना की बढ़ती कीमतों को समर्थन मिल रहा है। फिलहाल बाजार में चना की सप्लाई टाइट बनी हुई है व मांग मजबूत बनी हुई है। आने वालो दो महीने में त्योहारी मांग बनी रहेगी जिससे चना की कीमतों में अच्छी तेजी देखी जा सकती है। इंदौर मंडी में चना कांटा 7650 रुपए के स्तर पर जा पहुंचा। चना दाल में भी तेजी दर्ज की गई। मुंबई पोट पर आयातित चना तंजानिया 7100, काबुली सूडान 7700, तुवर लेमन 10200, तुवर सूडान 11000, तुवर सफेद 9400 व उड़द एफएक्यू 8550 रुपए। 1500 बोरी गेहूं की आवक इंदौर. मंडी में गेहूं की 1500 बोरी आवक हुई। मिल क्वालिटी 2750 से 2775, लोकवन गेहूं 3050 से 3100, मालवराज 2850 से 2875, पूर्णा 2850 से 2900 रुपए क्विंटल तक दाम पहुंच गए हैं।

### काउंटी चैंपियनशिप: शेष पांच मुकाबले खेलेंगे

## नार्थम्पटनशर में वनडे कप व काउंटी मैच खेलेंगे चहल

**लंदन, एजेंसी**

भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल नार्थम्पटनशर से जुड़ गए हैं। वे काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन टू में बचे हुए पांच मैच और वनडे कप के अंतिम मुकाबलों में खेलेंगे। 34 वर्षीय चहल ने अब तक भारत के लिए 72 वनडे और 80 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और दोनों ही प्रारूपों में 217 विकेट झटके हैं। नार्थम्पटनशर ने अपनी वेबसाइट पर इसकी घोषणा करते हुए बताया कि चहल बुधवार को यहां पहुंचे और टीम के साथ केंटरबरी की यात्रा करेंगे।

**सातवें स्थान पर है टीम:** नार्थम्पटनशर इस समय आठ टीम के काउंटी डिवीजन 2 तालिका में सात ड्रॉ और दो हार से सातवें स्थान पर है। वहीं वनडे कप में भी क्लब आठवें स्थान पर है। ऐसे में चहल के पास टीम को बेहतर स्थिति में पहुंचाने का यह अच्छा मौका है।



### सिनसिनाटी ओपन टेनिस

## पहले मुकाबले में एलेजांद्रो फोकिना को दी शिकस्त

#### दर्शकों के सामने टियाफो का विजयी आगाज

**सिनसिनाटी. एजेंसी**

फ्रांसिस टियाफो ने अपने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। टियाफो ने एलेजांद्रो फोकिना को 6-3, 7-6 से हरा दिया। टियाफो ने कुछ बेहतरीन शॉट खेले और इस साल हार्ड कोर्ट पर शुरुआती दौर के मैचों में 9-2 तक सुधार किया। टियाफो की फोकिना पर लगातार दूसरी जीत थी। अब अमरीकी खिलाड़ी का सामना 14वीं वरीय इटली के लौरेंजो मुसेट्टी से होगा। अमरीका के एलेक्स मिशेलसन भी दूसरे दौर में पहुंचे।



### हॉकी इंडिया का फैसला

## गोलकीपर श्रीजेश की 16 नंबर जर्सी रिटायर हुई

**नईदिल्ली, एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने दिग्गज हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को खास सम्मान दिया है। इसके तहत, श्रीजेश की 16 नंबर की जर्सी को रिटायर कर दिया गया है। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में लगातार दो कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के महान गोलकीपर ने ओलंपिक खेलों के बाद संन्यास ले लिया था। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि 36 वर्षीय श्रीजेश की जर्सी को सीनियर स्तर पर रिटायर करने का फैसला लिया। 2006 में करियर शुरू करने वाले श्रीजेश ने कुल 336 मैच खेले हैं। पीआर श्रीजेश ने कहा कि मैं संन्यास के बाद कोच बनना चाहता था। यह हमेशा से ही मेरी योजनाओं का हिस्सा था, लेकिन सवाल यह था कि कब...क्योंकि मेरे लिए परिवार भी अहम हैं।

**जूनियर टीम के कोच बने:** भोला नाथ सिंह ने कहा, श्रीजेश को जूनियर टीम का कोच बनाया जा रहा है। उनके ऊपर भारतीय गोलकीपरों की अगली पीढ़ी को तैयार करने की जिम्मेदारी होगी। 16 नंबर जर्सी को सीनियर स्तर पर रिटायर किया गया है।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### • डायरेक्टर के साथ डेटिंग

## एक बार फिर सामंथा को हो गया प्यार!



एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु की पर्सनल लाइफ हमेशा चर्चा में रही है। उन्होंने 2017 में एक्टर नागा चैतन्य से शादी की थी। लेकिन 2021 में उनका तलाक हो गया। अब सामंथा की पर्सनल लाइफ को लेकर नई खबरें आ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह डायरेक्टर राज निदिमोरु को डेट कर रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सामंथा और राज के बीच डेटिंग की खबरें हैं। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। सामंथा की राज और डीके के साथ कामकाजी साझेदारी ने इन खबरों को हवा दी है। दोनों की तरफ से अभी तक इसे लेकर कोई भी रिएक्शन सामने नहीं आया है। राज निदिमोरु, राज और डीके की जोड़ी का हिस्सा हैं, जिन्होंने कई हिट फिल्में बनाई हैं। सामंथा ने भी उनके साथ कई प्रोजेक्ट्स किए हैं, जिनमें आने वाली थ्रिलर सीरीज सिटाडेल- हनी बनी भी शामिल है। राज की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उनकी शादी श्यामली डे से हुई है। तलाक के बाद, सामंथा ने कई बार अपनी जिंदगी के बारे में खुलकर बात की है। 2022 में मायोसाइटिस से जूझने के बाद, उन्होंने अपने स्ट्रगल को शेयरभी किया था। हाल ही में एले इंडिया को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि पिछले तीन साल उनके लिए कठिन रहे, लेकिन अब वह शांत और स्थिर हैं। वर्क फ्रंट पर, सामंथा की थ्रिलर सीरीज सिटाडेल- हनी बनी इस नवंबर में ओटीटी पर रिलीज होगी।

*सामंथा की राज और डीके के साथ कामकाजी साझेदारी ने इन खबरों को हवा दी है। दोनों की तरफ से अभी तक इसे लेकर कोई भी रिएक्शन सामने नहीं आया है। राज निदिमोरु, राज और डीके की जोड़ी का हिस्सा हैं...*

### • 'सन ऑफ सरदार 2' से हुए बाहर एक्टर

## अजय देवगन का अभिवादन न करना विजय राज को पड़ा भारी



अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 का हिस्सा रहे अभिनेता विजय राज को कथित तौर पर फिल्म से बाहर कर दिया गया है। शूटिंग फिलहाल यूनाइटेड किंगडम में चल रही है। कथित तौर पर, अभिनेता ने फिल्म के सेट पर दुर्व्यवहार किया। दूसरी ओर, विजय ने दावों का खंडन किया है, जिसमें कहा गया है कि फिल्म के सेट पर अजय का स्वागत नहीं करने के बाद उन्हें फिल्म से हटा दिया गया। एक्शन कॉमेडी फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल सन ऑफ सरदार 2 अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में हैं। बीते दिन यूके का वीजा न मिलने से संजय दत्त फिल्म से बाहर हो गए। हाल ही में खुद अजय देवगन ने फिल्म की शूटिंग शुरू होने की घोषणा की। हालांकि, अब एक और सितारे के फिल्म से बाहर होने की खबर ने प्रशंसकों को चौंका दिया है। विजय राज अब फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। फिल्म के सह-निर्माता कुमार मंगत पाठक ने पिंकविला से खबर की पुष्टि करते हुए कहा, हां, यह सच है कि हमने विजय राज को सेट पर उनके व्यवहार के कारण फिल्म से हटा दिया है। उन्होंने बड़े कमरे, वैनिटी वैन और भी मांग की थी। वास्तव में, उनके स्पॉट बॉय को हर रात के लिए 20 हजार रुपये का भुगतान किया गया था, जो कि किसी भी बड़े अभिनेता से अधिक है, यूके एक महंगी जगह है, और शूटिंग के दौरान सभी को मानक कमरे मिले, लेकिन उन्होंने प्रीमियम सुइट्स की मांग की। कुमार मंगत पाठक ने अपनी बात को जारी रखते हुए आगे कहा, जब हमने उन्हें लागत समझाने की कोशिश की, तो उन्होंने समझने से इनकार कर दिया और अशिष्टता से बात की। उनकी प्रतिक्रिया थी, आप लोगों ने मुझसे संपर्क किया, मैं कौन सा सामने से आया काम मांगने। जबकि हमने उनकी सभी मांगों को पूरा करने की कोशिश की, व्यवहार खराब होता गया, क्योंकि उनकी मांगें कभी खत्म नहीं हुई और उन्होंने तीन स्टाफ के लिए भी यात्रा के लिए दो कारों की मांग शुरू कर दी। जब कार्यकारी निर्माता ने नहीं कहा तो विजय ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। सभी चर्चाओं के बाद, हमने उन्हें फिल्म से हटाने का फैसला किया। हालांकि, विजय राज की कहानी कुछ और थी। उन्होंने उसी पोर्टल को बताया, मैं ट्रायल के लिए समय से पहले लोकेशन पर पहुंच गया। मैं वैन तक पहुंचा और रवि किशन मुझसे मिलने आए। कार्यकारी निर्माता, आशीष और निर्माता कुमार मंगत मुझसे मिलने आए, उसके बाद निर्देशक विजय अरोड़ा आए।

### • 'आदिपुरुष' के फ्लॉप होने पर बहुत दुखी हुई थीं एक्ट्रेस

## *कृति बोलीं*- 'हमारा मकसद किसी को हर्ट करना नहीं था, सोचते थे कहां गलती हुई'

एक्ट्रेस कृति सेनन ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में 2023 में रिलीज हुई अपने करियर की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक 'आदिपुरुष' पर बात की है। फिल्मफेयर को दिए एक इंटरव्यू में कृति ने कहा कि इस फिल्म के फ्लॉप होने से उन्हें बहुत दुख हुआ था। एक्ट्रेस ने कहा कि उनका मकसद इसके जरिए किसी की फीलिंग्स को हर्ट करने का नहीं था। उन्होंने एक्सपीरियंस से काफी कुछ सीखा है।



#### 'सोचते थे, आखिर गलत क्या हुआ?'

जब पूछा गया कि फिल्म को लेकर हुए क्रिटिसिज्म को उन्होंने कैसे हैंडल किया तो एक्ट्रेस ने कहा, 'आपको बहुत दुख महसूस होता है। कई बार आपकी आंखों में आंसू भी आ जाते हैं। आप सोचते हैं कि आखिर गलत क्या हुआ?' फिल्म 'आदिपुरुष' में कृति ने सीता की भूमिका निभाई थी। इसमें उनके अलावा प्रभास और सैफ अली खान जैसे कलाकार भी नजर आए थे। फिल्म को इसके विजुअल इफेक्ट्स और डायलॉग्स के चलते क्रिटिसाइज किया गया था। इसके अलावा मेकर्स पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने कई तथ्यों को तो?-मरो?कर पेश किया है। वर्कफ्रंट पर इस साल अब तक कृति सेनन की दो फिल्में 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' और 'क्रू' रिलीज हुई हैं। दोनों ही हिट रहीं।

# पुलिस की अवैध वसूली से दुखी कबाड़ व्यापारी ने जहरीला खाया, हालत गंभीर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**भोपाल। शाहपुरा पुलिस की प्रताड़ना से दुखी होकर एक कबाड़ा व्यापारी ने जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे बागसेवनिया के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां उसका इलाज चल रहा है। कबाड़ा व्यापारी के बेटे ने शाहपुरा पुलिस पर 40 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप लगाया है। उसका कहना है कि शाहपुरा पुलिस पिता के साथ उसे आरोपी बनाने की धमकी देकर 40 हजार रुपए ले लिए। इसी बात से दुखी होकर पिता ने जहर खाया है।**

## हालत नाजुक, निजी अस्पताल में चल रहा इलाज, जेब में मिले पर्चे में चालीस हजार रुपए की रिश्वत लेने के आरोप



जानकारी के अनुसार अमराई निवासी प्रेम कुमार (परिवर्तित नाम) शक्ति नगर में सड़क किनारे बैठकर कबाड़ा खरीदते हैं। वहीं पर उन्होंने कुछ कबूतर पाल रखे हैं। उनका बेटा एमबीए की पढ़ाई कर रहा है। गत 14 अगस्त को बेटा कबूतरों को दाना डालने पहुंचा। इसी दौरान शाहपुरा थाने की पुलिस पहुंच गई। पुलिसकर्मी कबाड़ा व्यापारी के बेटे को गाड़ी में बिठाकर थाने ले आई। उसे बताया गया कि तुमने मंदिर से चोरी हुई सर्प की मूर्ति खरीदी है। उसने पुलिस को बताया कि कबाड़ा का धंधा पिता करते हैं। उसे कोई जानकारी नहीं है। इस पर पुलिसकर्मियों ने उसके पिता राजकुमार को कॉल कर थाने बुलाया। थाने में प्रेम कुमार को धमकी दी कि बेटे को जेल भेज देंगे। उसका भविष्य खराब हो जाएगा।

बेटे के भविष्य के नाम चालीस हजार का सौदाः प्रेम कुमार से पुलिस ने कहा कि बेटे को बचाना है तो 40 हजार रुपए दे दो। बेटे को बचाने प्रेम कुमार सहमत हो गए। इस पर पुलिसकर्मियों ने उन्हें एक मार्टिन का डिब्बा दिया। जिसमें 40 हजार रुपए रखकर लाने को कहा। डिब्बे में 40 हजार रुपए पुलिसकर्मी को दे दिए। इसके बाद पुलिस ने प्रेम कुमार के बेटे को छोड़ दिया। करीब दो घंटे बाद प्रेम कुमार को भी छोड़ दिया गया।

अचानक बेसुध होकर गिर पड़ेः 16 अगस्त की शाम करीब साढ़े 6 बजे राजकुमार घर पहुंचे। वह अचानक सोफे में बेसुध होकर गिर गए। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में उनका जेब चेक किया तो एक पर्चा मिला। पर्चे में उन्होंने पुलिस की 40 हजार रुपए की वसूली का जिक्र किया है। साथ ही न्याय की मांग की है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित इमलिया जोड़ पर बाइक सवार किसान को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में किसान की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। सूखीसेवनिया थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि 58 वर्षीय नारायण सिंह विश्वकर्मा तारासेवनिया परवलिया में रहते थे और खेती-किसानी करते थे। गत 13 अगस्त को नारायण सिंह अपने एक रिश्तेदार के यहां सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र में आए थे। जहां से वह दोपहर चार बजे वापस अपने घर बाइक से जा रहे थे। वह अभी इमलिया जोड़ पर पहुंचे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी थी। हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए बायपास रोड स्थित लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 14 अगस्त की दोपहर डेढ़ बजे किसान ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एसएससी की तैयारी कर रहे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित अर्जुन नगर फेस-1 में शक्रवार सुबह एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन उसका शव अपने गांव बीलखेड़ा, बिल्किसगंज सीहोर ले गए। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार सचिन कैथवाल पिता नर्मदा प्रसाद कैथवाल (22) मूलतः बीलखेड़ा, तहसील बिल्किसगंज, सीहोर का था। उसके पिता खेती किसानी करते हैं, जबकि सचिन यहां अपनी बड़ी बहन आरती कैथवाल के साथ किराए के मकान में अर्जुन नगर, फेस वन में रह रहा था। बहन आरती लिंक रोड नंबर वन पर स्थित एक ट्रस्ट के अस्पताल में स्टाफ नर्स है। गुरुवार को उसकी नाइट ड्यूटी थी। शुक्रवार सुबह साढ़े 8 बजे के आसपास वह ड्यूटी से घर पहुंची तो दरवाजा धड़का हुआ था। वह अंदर पहुंची तो उसने सचिन को फांसी के फंदे पर लटका देखा। उसने उत्काल पिता को कॉल कर बताया। पिता गांव से भोपाल पहुंचे। इधर सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## नशे की आदी महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर में शुक्रवार दोपहर एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पति और बेटे ने बताया कि वह शराब पीने की आदी थी। शराब की लत के कारण वह खुद परेशान भी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया?था। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा। पुलिस के अनुसार चितकुंवर बाई पति सुनील पारदी (48) राजीव नगर झुग्गी में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति प्राइवेट काम करता है। पति सुनील ने पुलिस को बताया कि कल शुक्रवार दोपहर परिवार के लोग बाहर गए थे। घर पर चितकुंवर बाई अकेली थी। दोपहर करीब तीन बजे के आसपास सुनील काम से घर लौटा तो उसने पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। उसकी मौत हो चुकी थी।

## सोलह साल की किशोरी ने आम के पेड़ पर लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित गांव केकड़िया में सोलह साल की किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश घर के पीछे कुछ दूरी पर आम के पेड़ से बरामद की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में परिजन ने बताया कि वह दसवीं कक्षा में गत वर्ष फैल हो गई?थी और दूसरी बार दसवीं कक्षा की तैयारी कर रही थी। पुलिस के अनुसार भूरी पिता गुलाब सिंह स्टेप (16) गांव केकड़िया में रहती थी। उसके पिता खेती किसानी करते हैं। गुलाब सिंह के परिवार में चार बेटियां और दो बेटे हैं। दो बेटियों की वह शादी कर चुके हैं। भूरी उनकी सबसे छोटी बेटी थी। बीते वर्ष वह दसवीं में फेल गई?थी। इस बार भूरी दसवीं कक्षा की दौबारा पढ़ाई कर रही थी। परिजन ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 7 बजे भूरी घर से रस्सी और बाल्टी लेकर निकली थी। काफी देर तक वह घर नहीं लौटी तो मां ने बड़ी बहन से उसे देखने जाने का कहा। बड़ी बहन घर के पीछे खेत में कुएं की तरफ पहुंची तो उसने भूरी का शव आम के पेड़ पर रस्सी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद परिजन को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

## पुल बोगदा के पास कार की टक्कर से पलटा ऑटो, चालक घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ऐशबाग स्थित पुल बोगदा के पास एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से आटो पलट गया, जिससे आटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक जिंसी जहांगीराबाद निवासी अफजल कुरैशी सवारी आटो चलाते हैं। गुरुवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे वह भोपाल रेलवे स्टेशन पर सवारी छोड़ने के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे। पुल बोगदा स्थित भारत पेट्रोल पंप के एक तेज रफ्तार कार ने उनके आटो को टक्कर मार दी, जिससे आटो पलट गया। आटो पलटने से अफजल के हाथ-पैर और शरीर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## नकबजन गिरोह से 7 लाख का माल बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निशातपुरा पुलिस और क्राइम ब्रांच ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन सदस्यीय नकबजन गिरोह को गिरफ्तार कर उनसे छह वारदातों का खुलासा किया है। पुलिस ने तीनों बदमाशों से कुल 7 लाख रुपए का माल बरामद किया। तीनों बदमाशों ने संगठित होकर गिरोह बनाकर वारदातों को अंजाम दे रहे थे। इसलिए पुलिस उनके खिलाफ नवीन कानूनों के तहत कार्रवाई कर रही है।



पुलिस के अनुसार शिवनगर कालोनी निशातपुरा निवासी राज मिश्रा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई। मिश्रा ने बताया कि 8 अगस्त की रात उनकी दुकान की दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे बदमश कैमरे, बैग, स्मार्ट वॉच, प्ले-स्टेशन गेम, मोबाईल, डीजे मशीन समेत अन्य सामान चुराकर ले गए। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया और जांच की। मामले की गंभीरता को देखते हुए निशातपुरा और क्राइम ब्रांच की एक विशेष बनाकर बदमाशों की तलाश में लगाया गया। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक लड़का हाउसिंग बोर्ड कालोनी में कैमरा और कुछ इलेक्ट्रानिक सामान सस्ते दामों बेचने के लिए आया है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने उक्त युवक को हिरासत में ले लेकर पूछताछ की उसने अपना नाम प्रीतम रैकवार बताया। उसके पास से राज मिश्रा की दुकान से चोरी किया गया कैमरा, घड़ी और मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद मिला। पूछताछ पर प्रीतम ने बताया कि उसने अपने साथियों राजा ठाकुर और अनुज उर्फ अन्नू श्रीवास के साथ मिलकर चोरी किया था। उसके बाद पुलिस ने राजा और अन्नू को भी दबोच लिया। तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया था। उसके बाद इलाके में हुई पांच अन्य चोरी और नकबजनी की घटनाओं का खुलासा हुआ।

## पुलिसकर्मी समेत तीन लोगों के दोपहिया वाहनों में लगाई आग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमला नगर थाना क्षेत्र में आसामाजिक तत्वों ने मंदिर के बाहर खड़ी पुलिसकर्मी की बाइक में आग लगा दी। इधर, शाहपुरा में भी दों युवकों के दोपहिया वाहनों में आग लगा गई। पुलिस ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मूलत~ जौरा जिला मुरैना निवासी धर्मेंद्र शर्मा (34) पुलिस विभाग में आरक्षक हैं और अरेरा हिल्स थाने में पदस्थ हैं। वह नेहरू नगर डी-सेक्टर में किराए से रहते है। गुरुवार की शाम करीब पांच बजे वह नवग्रह मंदिर नेहरू नगर स्थित मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी होंडा साइन बाइक मंदिर के बाहर खड़ी की और दर्शन के लिए अंदर चले गए। कुछ देर बाद मंदिर से पूजा करके वापस लौटे तो देखा कि उनकी बाइक के पास भीड़ लगी हुई है। उन्होंने पास जाकर देखा तो बाइक में किसी ने आग लगा दी थी, जो पूरी तरह से जल गई थी। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि सोनू नामक युवक ने बाइक में आग लगाई है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर, शाहपुरा थानांतर्गत अजय नगर में रहने वाला निकिल अहिरवार (20) पढ़ाई करता है। बीती 9 अगस्त की रात करीब आठ बजे उसने घर के सामने स्कूटर खड़ी थी। इसी बीच किसी ने उसकी स्कूटर में आग लगा दी। आग लगने से निकित और पास ही खड़ी पड़ोसी दीपक की स्कूटर जलकर खाक हो गई। पुलिस ने इस मामले में आगजनी का मामला दर्ज किया था।

## रात 11 बजे युवती का पीछा कर छेड़छाड़, विरोध करने पर पिता और भाई से मारपीट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

छोला मंदिर पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर स्कूटर सवार युवक और उसके साथी के खिलाफ पीछा कर अश्लील हरकत और पिता तथा भाई के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। घटना रात करीब ग्यारह बजे की है, जबकि युवती परिजनों के साथ अपना मकान शिफ्ट कर रही थी। पुलिस के मुताबिक बैरसिया रोड निवासी निशातपुरा निवासी 18 वर्षीय युवती निजी कालेज में पढ़ती है। गुरुवार को वह अपना मकान बदला था। रात करीब ग्यारह बजे मकान का सामान लोडिंग वाहन में रखने के बाद वह पिता और मां के साथ बाइक से नए घर की तरफ जा रही थी। उसका भाई लोडिंग वाहन में बैठा हुआ था। युवती जब छोला मंदिर बायपास रोड स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप के पास पहुंची तभी पुराने मोहल्ले में रहने वाला राज और उसका साथी स्कूटर से नजदीक पहुंचा। वह चलती गाड़ी में युवती पर अश्लील कमेंट्स करने लगा और स्कूटर लगाकर उसकी बाइक रोक ली। पिता ने जब इसका विरोध किया तो वह गाली-गलौज करने लगा। इस बीच लोडिंग वाहन में सवार भाई भी पहुंच गया. पिता और भाई ने उसे हरकत करने से रोका तो राज और उसके साथी ने दोनों के साथ मारपीट कर दी। रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों वहां से भाग निकले। घटना के बाद परिवार वाले युवती को लेकर छोला मंदिर थाने पहुंचे, जहां उसने रिपोर्ट दर्ज कराई।

## बड़े तालाब से बुजुर्ग का शव बरामद

**भोपाल।** कोहेफिजा पुलिस ने एक बड़े तालाब से एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद किया है। वह गुरुवार सुबह करीब पांच बजे घर से निकले थे, लेकिन घर नहीं लौटे। पुलिस के अनुसार वासुदेव मंगरानी (69) मंत्रालय से रिटायर्ड थे और लालघाटी मंदिर के पास कोहेफिजा में रहते थे। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे वह टहलने के लिए घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। आसपास तलाश करने के बाद भी जब वासुदेव का कुछ पता नहीं चला तो परिजन ने दोपहर करीब एक बजे थाने जाकर उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई। करीब डेढ़ घंटे बाद खानूगांव के पास बड़े तालाब में एक बुजुर्ग व्यक्ति की लाश दिखाई पड़ी तो परिजन को मौके पर बुलाया गया। परिजन ने शव की पहचान वासुदेव के रूप में कर ली।

## खुद को आरएसएस का सूफी संत बताने वाले जालसाज पर मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** शाहपुरा पुलिस ने एक जासलाज पर धोखाधड़ी काम मामला दर्ज किया है। उसने खुद को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सूफी संत मलंग संस्था का राष्ट्रीय प्रवक्ता बताकर खुद के लिए और कार के लिए मंत्रालय के सुरक्षा अधिकारी से आवेदन के माध्यम से पास की मांग की थी। पुलिस के अनुसार सूरज खरे एससी मोर्चा के मीडिया प्रभारी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि शाहपुरा निवासी कृष्णदत्त मिश्रा (40) ने गत 30 जुलाई 2024 को सुरक्षा अधिकारी मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल को आवेदन किया था। आवेदन में उसने लिखा था कि वह आरएसएस के सूफी संत मलंग संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। लिहाजा उसे वाहन को पास जारी किया जाए। जबकि सूरज खरे ने बताया कि कृष्णदत्त मिश्रा आरएसएस के सूफी संत मलंग संस्था के प्रवक्ता नहीं हैं। उन्होंने गलत तरीके से लेटरपैड का उपयोग करते हुए मंत्रालय के सुरक्षा अधिकारी को पास के लिए आवेदन किया है। इस पर पुलिस ने आरोपी कृष्णदत्त मिश्रा के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने का प्रकरण दर्ज कर लिया है।





श्रद्धांजलि

इक्कीसवां पुण्यस्मरण

स्व. श्री गंगा प्रसाद जी गुप्ता

स्व. श्रीमती निर्मला गुप्ता (पत्नी)

(नौगरैया)

योगेश गुप्ता

(पुत्र)

होटल मोहित रीजेन्सी 189-A/214 एमपी नगर, जोन-2, निकट सरगम सिनेमा, भोपाल


मेट्रो एंकर

## बाइक चला रहे साथी पर प्रकरण दर्ज

# तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, बाइक पर पीछे बैठे युवक की मौत हुई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित करिश्मा पार्क के पास गुरुवार रात तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक और पीछे बैठे युवक को गंभीर चोट आई थी। दोनों को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।**

पुलिस ने बताया कि जनता नगर फेस-3 करोंद निवासी परवेज कुरैशी (24) मंडी के पास फल का ठेला लगाता था। उसका दोस्त उजेफ राइन (23) लालघाटी के पास सब्जी का ठेला लगाता है। गुरुवार रात परवेज और उजेफ बाइक से घूमने निकले थे। बाइक परवेज की थी और उजेफ चला रहा था। रात करीब सवा 10 बजे वे मछली घर से खटलापुरा की तरफ जा रहे थे। इस दौरान करिश्मा पार्क के पास टर्निंग पाइंट पर बाइक अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित बाइक डिवाईडर से टकराने के कारण परवेज को सिर में गंभीर चोट थी। हादसे के दौरान वहां से गुजर रहे नासिर खान और ओसामा ने डायल 100 को कॉल लगाया, लेकिन डायल 100 को आने में देरी होन लगी और नासिर समेत ओसामा उन्हें दूसरे साधन से अस्पताल लेकर पहुंचे। उजेफ ने घटना की जानकारी मोबाइल पर परिजन को दे दी थी। दोनों के परिजन हमीदिया अस्पताल पहुंच गए।

### फुट रेस्ट से सड़क पर बने निशान

हादसा ओवरस्पीड के कारण हुआ। बाइक की स्पीड अधिक थी और उजेफ बाइक से नासिर खान और ओसामा की गाड़ी को कट मारा कर आए थे। बावजूद इसके नासिर खान और ओसामा दोनों को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे थे। वहां शुक्रवार सुबह उजेफ की मौत हो गई। पुलिस ने उक्त मामले में बाइक चला रहे उजेफ पर 106 बीएनएस की धारा में कार्रवाई की है।

## मछली पकड़ने गए युवक की करंट से मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कोलार इलाके में मछली पकड़ने गए एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।नदी में करंट का तार किसने डाला था, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के मुताबिक नेतराम सिंह रजक (45) कालापानी कजलीखेड़ी कोलार रोड पर रहता था और कपड़ों में प्रेस करने का काम करता था। गुरुवार दोपहर वह घर के पास ही नदी में मछली पकड़ने पहुंचा था। इसी दौरान उसे करंट लग गया। उसे इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। जांच के बाद पानी में करंट फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक सवार बदमाशों ने मीडियाकर्मी का मोबाइल लूटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टीटी नगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार लुटेरों ने मीडियाकर्मी का मोबाइल झपट लिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर अशोका गार्डन स्थित एक कारखाने का ताला तोड़कर चोर 80 हजार का सामान चुराकर ले गए। पुलिस अनुसार मनोज चौरसिया (45) गणपति इन्क्लेव कोलार रोड पर रहते हैं और एक मीडिया हाउस में काम करते हैं। सोमवार की रात करीब दस बजे वह अपने कार्यालय के घर लौट रहे थे। पंचशील नगर कलारी के आगे पत्रकार कालोनी के सामने पहुंचे, तभी किसी का कॉल आया। मनोज ने सड़क किनारे बाइक रोकी और मोबाइल पर बातचीत करने लगे। इसी बीच सामने से आए बाइक सवार दो लुटेरो उनका मोबाइल छीनकर भाग निकले। मनोज ने मैनिट चौराहे तक लुटेरों का का पीछा किया, लेकिन बदमाश तेजी से बाइक चलाकर भाग निकले। टीटी नगर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। इधर, अशोका गार्डन थानांतर्गत औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कारखाने का ताला तोड़कर चोर मशीन और डाई समेत करीब 80 हजार का सामान चुराकर ले गए। पुलिस ने पुलिस ने नवीन शाह की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी इलाके में एक कारखाने के सामने खड़ा ट्रैक्टर चोरी हो गया। चोरी गए ट्रैक्टर की कीमत 8 लाख रुपए बताई गई है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022